



दैनिक

# साँध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 298/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10    संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल    ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 20 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित



## बिपरजॉय: धीरोदात्त नायक के रूप में उभरे प्रधानमंत्री मोदी



**शिवराज सिंह चौहान**

भारत में प्राय- हर साल चक्रवात तूफान आते रहते हैं चाहे अरब सागर में हों या बंगाल की खाड़ी में। आम तौर पर, चक्रवात कम दबाव वाले क्षेत्र के आसपास वायुमंडलीय गड़बड़ी से उत्पन्न होते हैं। चक्रवातों के बाद आमतौर पर भयंकर तूफान और खराब मौसम आते हैं। यदि हम पिछले 2 से 3 दशक की घटनाओं पर नजर डालें तो भारत को जिन-जिन खतरनाक तूफानों का सामना करना पड़ा, उसमें जान-माल की हानि के साथ बड़ी संख्या में जनहानि भी उठानी पड़ी। इसके विपरीत हाल ही में गुजरात में आये चक्रवात बिपरजॉय की सूचना मिलने पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा एहतियातन की गई तैयारियों ने कम से कम जनहानि को तो बचा लिया।

आपदाओं में घर के जो मुखिया जिस सतर्कता, धीरज, विवेक और गंभीरता का परिचय देकर संकट की भयावहता को शून्य करने में सफल होते हैं, वही इतिहास में धीरोदात्त नायक के रूप में स्थापित होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पिछले नौ सालों के कार्यकाल में यह बार-बार सिद्ध हो चुका है कि वे किसी भी संकट से देशवासियों की प्राण-रक्षा के लिये आपदा में धैर्य नहीं खोते और सुविचारित रणनीतियों के साथ मुकाबला करते हैं; चाहे वह चक्रवात हो, अन्यस प्राकृतिक संकट हों या अतिवृष्टि और बाढ़, देश की सुरक्षा और अखंडता को कोई खतरा हो या कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी हो। अपनी कार्य-योजनाओं से वे जनहानि और अन्य नुकसान की रोकथाम का बेहतर प्रबंधन करने में कामयाब रहे हैं।



हालिया चक्रवात बिपरजॉय से निपटने में भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन और रणनीतियाँ कारगर सिद्ध हुई। उन्होंने बिपरजॉय के संकट से निबटने के लिए शासनिक और प्रशासनिक मशीनरी को समय पूर्व सजग किया। स्वयं, केंद्र और गुजरात की एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चक्रवात के प्रभावी क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाना और बिजली, पानी, स्वास्थ्य और दूरसंचार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के रख-रखाव को सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की, जो उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के निर्देशों का परिणाम ही रहा कि चक्रवात से निबटने की तैयारियों के अहम् अंग नियंत्रण कक्षों ने दिन-रात कार्य किया और कर रहे हैं।

पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्रवातों में जनहानि भी हुई। लेकिन बिपरजॉय चक्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई उसमें जन-सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य-योजना बना कर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका।

### कैसे हो पाता है यह सब

जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में लगभग 58 प्रतिशत भू-भाग सामान्य से लेकर बहुत अधिक तीव्रता वाला भूकंप संभावित क्षेत्र है और 40 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र यानी देश के 12 प्रतिशत भू-भाग में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। हमारे यहाँ 7516 किलोमीटर तक तटीय क्षेत्र में लगभग 5700 किलोमीटर क्षेत्र चक्रवात और सुनामी संभावित क्षेत्र है। प्रधानमंत्री जी ने इन सब बातों का ख्याल रखते हुए ही आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर बहुत ध्यान दिया है ताकि आपदा से प्रभावित होने वाले गरीब लोगों को जान-माल का नुकसान न हो।

प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन की जो रणनीति अपनाई है उसमें पहला और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है आपदा के पूर्व प्रबंधन और तैयारी। इसके बाद भी आपदा घटित हो और तैयारियाँ नाकाफी साबित हों और आपदा से नुकसान हो जाए तो पुनर्वास की पूरी तैयारी। पुनर्वास के बाद पुनर्निर्माण और सामान्य स्थिति की बहाली। प्रधानमंत्री जी ने इन सभी बिन्दुओं को एक साथ अपनी प्रबंधन रणनीति में पिरोया है। उनके प्रयासों से आज हमारे देश में आपदा प्रबंधन अनिवार्य रुप से विकास की प्रक्रिया में शामिल है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जी ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी मंत्रालयों की भूमिका को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया है। परमाणु ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, भू-विज्ञान, पर्यावरण एवं वन, गृह, स्वास्थ्य, रेल, अंतरिक्ष और जल संसाधन जैसे मंत्रालयों को उन्होंने आपदाओं के प्रबंधन की तैयारियों से जोड़े रखा है।

प्रधानमंत्री ने आपदाओं के पूर्वानुमान और चेतावनी देने वाली प्रणालियों को आधुनिकतम बनाने और नवीनतम प्रणालियों के उपयोग करने पर भी जोर दिया है, जिससे सभी संबंधित एजेंसियाँ अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आपदाओं के पूर्वानुमान के प्रति सचेत रहती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, पैसिफिक सुनामी चेतावनी प्रणाली और अन्य क्षेत्रीय एवं ग्लोबल संस्थाओं के साथ भी श्री मोदी का निरंतर संपर्क बना रहता है। मैं, मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूँ, जिनकी दूरदृष्टि और प्रभावी रणनीति से देशवासियों को सुरक्षा कवच के साथ सुख-समृद्धि का साथ भी मिला है।

**(ब्लागर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

### प्रधानमंत्री मोदी 3 दिवसीय दौरे पर अमेरिका रवाना

## अमेरिका में करेंगे योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यानी कि आज आज अमेरिका के लिए रवाना हो गए. पीएम मोदी 21 से लेकर 24 जून तक अमेरिकी दौरे पर रहने वाले हैं. राजकीय यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम को लेकर ट्वीट भी किया. पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'यूएसए के लिए रवाना हो रहा हूं, जहां मैं न्यूयॉर्क शहर और वाशिंगटन डीसी में कार्यक्रमों में भाग लूंगा. इन कार्यक्रमों में यूएन हेडक्वार्टर पर योग दिवस समारोह, जो बाइडन के साथ बातचीत और अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करना और बहुत कुछ शामिल है.'

प्रधानमंत्री यहां नेताओं, व्यवसायियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपनी न्यूयार्क और अमेरिका यात्रा के दौरान लगभग 24 लोगों से मिलेंगे। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी इस यात्रा के दौरान दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से भी मुलाकात करेंगे।

- **कई दिग्गज हस्तियों से मुलाकात करेंगे मोदी, एलन मस्क का नाम भी है शामिल**

क्करूमोदी और एलन मस्क की चर्चा भारत में ञ्जद्गह्यद्यड्ड कार की फैक्ट्री लगाने पर हो सकती है। इसके अलावा पीएम मोदी अमेरिका के दिग्गज कारोबारी समेत और कला क्षेत्र की हस्तियों से भी मिलेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं. उम्मीद की जा रही है कि भारत और अमेरिका के बीच कई अहम डीलें भी हो सकती हैं. बता दें कि पीएम मोदी का यह पहला राजकीय दौरा है. पीएम मोदी के इस दौरे का सारा खर्चा अमेरिका खुद उठाएगा. पीएम मोदी से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह राजकीय यात्रा पर गए थे।

वहीं बीते सोमवार को पीएम मोदी ने कहा था कि अमेरिका में जीवन के हर क्षेत्र के लोग उनकी आगामी यात्रा के प्रति अपना उत्साह प्रदर्शित कर रहे हैं. इन लोगों में अमेरिकी संसद के सदस्य शामिल हैं. पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'अमेरिकी संसद के सदस्यों, वैचारिक नेताओं और अन्य समेत जीवन के सभी क्षेत्र के लोग मेरी आगामी यात्रा पर अपना उत्साह प्रदर्शित कर रहे हैं. मैं उनके विनम्र शब्दों के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं. ऐसा विविध समर्थन भारत-अमेरिका रिश्तों की गहराई को रेखांकित करता है।

### 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत'

अमेरिका के दौरे से पहले मोदी ने ट्वीट करते हुए मध्यप्रदेश के दौरे को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने लिखा, 27 जून को भोपाल में आयोजित 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम हमारी सकारात्मक राजनीति को एक नया संकल्प और एक नई शक्ति प्रदान करने वाला है। यह दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए समर्पित भाजपा के लाखों ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से संवाद का साक्षी बनेगा।




मुख्यमंत्री श्री चौहान ने क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (मध्य प्रदेश) द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित इसेंस ऑफ डिवाइन कॉन्क्लेव 2023 का शुभारंभ किया तथा प्रतिभागियों को संबोधित किया।



## 51 फीसदी वोट लाने बीजपी ने शुरु किया महा जनसंपर्क अभियान

**भोपाल।** 27 जून को पीएम मोदी राजधानी भोपाल आ रहे है जहां मेरा बूथ सबसे मजबूत कैंपेन को आगे बढ़ाने के अलावा भाजपा कार्यकर्ताआं को संबोधित करेंगे। इसको लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरु कर दी है। इसके तहत प्रदेशभर में जनसंपर्क किए जाएंगे और 51 फीसदी वोट लाने का लक्ष्य लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। इसी के चलते आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हजारों नागरिकों की उपस्थिति में हुजूर विधानसभा के जैन नगर लालघाटी से 'महा-जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सीएम ने जैन मंदिर में दर्शन किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भेंट कर भाजपा सरकार की 9 साल की जनहितैषी योजनाओं के पत्रक वितरित किए। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफनीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है।

### कमलनाथ ने सौंसर में की कार्यकर्ताओं से चर्चा



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज छिंदवाड़ा दौरे पर है जहां वे अपने गृह क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले सौंसर में कार्यकर्ताओं के बीच मण्डल और सेक्टर की बैठक की । इस दौरान वे एक सभा भी संबोधित किया। दरअसल निकाय चुनाव में कुछ सीटों पर परिणाम वैसे नहीं आए जिसके चलते चिंतित कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। इसी कड़ी में कमलनाथ आज सौंसर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# असामाजिक तत्वों को नहीं छोड़ा जाएगा: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम धर्मांतरण का कुचक्र, गुंडागर्दी, दादागिरी नहीं चलने देंगे। गुंडागर्दी करने वालों को सबक सिखाया जाएगा, असामाजिक तत्वों को नहीं छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गुफा मंदिर के निकट स्थित जैन नगर भ्रमण के दौरान मीडिया कर्मियों से चर्चा में यह बात कही। वहीं भोपाल पुलिस ने धर्मांतरण के आरोपियों पर लगा एनएसए लगा दिया है। अब तक 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार आरोपियों के घर बुलडोज़र चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

### मुख्यमंत्री ने दी राष्ट्रपति को जन्म दिवस की बधाई



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नारी सशक्तिकरण की प्रतीक महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को जन्मय दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में कहा कि भगवान जगन्नाथ जी का आशीर्वाद उन पर सदैव बना रहे, वे स्व स्थ् रहें, दीर्घायु हों, यही मंगलकामना है।

### युवक के गले में पट्टा बांधने के प्रकरण को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

**भोपाल।** राजधानी के टीला जमालपुरा इलाके में तीन मुस्लिम युवकों द्वारा एक युवक का अपहरण कर उसके गले में उसी के बेल्ट का पट्टा डालने और मतांतरण का दबाव बनाने के प्रकरण को लेकर कांग्रेस नेताओं की चुप्पी पर गृहमंत्री नरोत्?तम मिश्रा ने सवाल उठाए हैं। इसी बहाने नरोत्?तम ने दिग्?विजय सिंह और कमल नाथ पर भी हमला बोलते हुए करारा तंज किया।



**दिल्ली से भोपाल और गांव की चौपाल तक कांग्रेस में सब मौन-** मंगलवार सुबह मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान नरोत्?तम ने कहा कि एक व्?यक्?ति के गले में पट्टा बांधकर अमानवीय कृत्?य करने वालों की निंदा के लिए तो कांग्रेस के दिल्?ली से लेकर भोपाल तक और भोपाल से लेकर गांव की चौपाल तक एक शब्?द नहीं निकला। वो चचाजान आदरणीय दिग्?विजय सिंह, जो उत्?तराखंड और विदेश तक की घटनाओं पर ट्वीट करते हैं, लेकिन भोपाल की घटना पर उनकी ओर से एक शब्?द नहीं आया।

### पुरी में आज जगन्नाथ रथ यात्रा-भगवान को मंदिर से बाहर लाने की तैयारियां शुरू, 25 लाख लोगों के आने का अनुमान

**अहमदाबाद/पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मंगलवार दोपहर में शुरू होगी। इसके पहले सुबह मंगला आरती हुई, खिचड़ी का भोग लगाया गया। फिर रथों की पूजा हुई। रथ यात्रा में बलभद्र और बहन सुभद्रा को बैठाया गया है और जगन्नाथ भगवान मंदिर से बाहर आ रहे हैं। भक्त रथ को बारी-बारी से खींचते हैं।



यह रथ यात्रा मंदिर से तकरीबन ढाई से तीन किमी दूर गुंडिचा मंदिर तक जाती है, जो कि उनकी मौसी का घर माना जाता है। इस रथ यात्रा में तकरीबन 25 लाख लोगों के आने की संभावना है। इसे गुंडिचा यात्रा भी कहते हैं।

**सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ का रथ-** परंपरा के चलते सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ रहता है। यह तकरीबन 45 फीट ऊंचा और लाल और हरे रंग का होता है। इसमें 14 पहिए लगे होते हैं। इसका नाम %तालध्वज% है।

# सतपुड़ा की आग में 24 करोड़ का नुकसान

### जांच टीम ने शासन को 287 पेज की रिपोर्ट सौंपी, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका


**भोपाल।** भोपाल में मध्यप्रदेश सरकार के सतपुड़ा भवन में लगी आग से 24 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। 12 जून को लगी आग की जांच के लिए सीएम शिवराज सिंह के निर्देश पर गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा की अध्यक्षता में टीम का गठन किया था। टीम ने घटना के 6 दिन बाद अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आग में आदिम जाति क्षेत्रीय योजना और स्वास्थ्य संचालनालय के दफ्तर में बड़ा नुकसान हुआ है।

जांच कमेटी ने 3 जगहों का निरीक्षण कर 32 लोगों के बयान लिए। स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री सागर की जांच रिपोर्ट और चीफ इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टर टेक्निकल रिपोर्ट इस जांच में शामिल की गई है। आग से नुकसान के आकलन के लिए पीडब्ल्यूडी की दो उप समितियों के प्रतिवेदन को भी इस जांच में शामिल कर राज्य सरकार को कुल 287 पेज की जांच रिपोर्ट सौंपी गई है।




### अब जानिए जांच में क्या मिला

सतपुड़ा भवन की तीसरी, चौथी, पांचवी और छठी मंजिल पर आग से नुकसान के बाद कर्मचारियों के बयानों से यह सामने आई कि थर्ड फ्लोर पर स्थित टीडीपी के सहायक आयुक्त वीरेंद्र सिंह के कमरे में 12 जून को शाम 4 बजे से 4-05 बजे के बीच आग लगी। जांच दल ने कर्मचारियों के बयान, मोबाइल में फोटो और वीडियो को भी अपनी जांच रिपोर्ट में शामिल किया है।





3.1 सतपुडा भवन की तीसरी, चौथी, पांचवी एवं छठी मंजिल में उपस्थित कर्मचारियों/अधिकारियों के शपथपूर्वक लिए गए बयानों, प्रत्यक्षदर्शियों के मोबाईलों पर लिए गए फोटो एवं विडीयो के आधार पर आग लगने की घटना तीसरी मंजिल, पश्चिमी विंग, सतपुडा भवन पर स्थित श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त, टी.ए.डी.पी. के कक्ष में 12 जून 2023 की सांय लगभग 4.00 बजे से 4.05 बजे के मध्य लगने की पुष्टि हुई।



3.2 मुख्य विद्युत निरीक्षक, म.प्र. शासन एवं विद्युत सुरक्षा के 6 अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा दिये गए जांच प्रतिवेदन में निष्कर्ष निम्नानुसार दिया है:-

"सिस्टम में अर्थ फॉल्ट/अर्थ लीकेज के प्रोटेक्शन के लिए कहीं भी व्यवस्था नही की गई। उक्तानुसार विवेचना से यह प्रतीत हो रहा है कि, ए.सी. के टॉप-बॉटम पावर प्लग में लूज कनेक्शन रहा हो, जिससे चिंगारी निकली एवं सोफे के भाग में आग एवं धुंआ का कारण बना परंतु जैसा कि उपर व्यक्त किया गया है कि, लकडी के फ्रेम पर प्लाई वुड को फ्रेम किया गया एवं उस पर ए.सी. का टॉप एवं बॉटम पावर प्लग को स्थापित किया गया। बार-बार उपयोग होने से लूज वायरिंग/लूज कनेक्शन से टॉप-बॉटम की वायरिंग में स्पार्किंग होती रही एवं शार्ट







### जांच समिति की जांच में निम्न निष्कर्ष दिया गया

पश्चिमी विंग, सतपुड़ा भवन में दिनांक 12 जून 2023 को लगी आग वीरेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त, टीएडीपी के तीसरी मंजिल पश्चिमी विंग, सतपुड़ा भवन के कक्ष में शॉर्ट सर्किट से प्रारंभ हुई है। जांच समिति का यह भी निष्कर्ष है कि जानबूझकर अथवा शरारत के रूप में इस घटना को घटित करने में किसी भी व्यक्ति की संदिग्ध भूमिका नहीं मिली है।

### जांच में यह मिली चूक

सिस्टम में अर्थ फॉल्ट, अर्थ लीकेज के प्रोटेक्शन के लिए कहीं भी व्यवस्था नहीं की गई थी। इस वजह से जांच टीम ने ये आशंका जताई कि एसी के टॉप-बॉटम पावर प्लग में लूज कनेक्शन रहा हो, जिससे चिंगारी निकली, जिससे सोफे ने आग पकड़ी। बार-बार उपयोग होने से लूज वायरिंग और कनेक्शन से टॉप-बॉटम की वायरिंग में स्पार्किंग होती रही और शार्ट सर्किट हुआ। उससे आग की चिंगारी से सोफा का संपर्क हुआ, इसके बाद आग लगी और धुंआ फैला।

जांच में ये भी बताया गया कि सामान्य रूप से एसी को रिमोट से संचालित किया जाता है। ऐसी स्थिति में लाइट की सप्लाई स्विच, प्लग से बनी रहती है। तार, वायरिंग के लूज रहने पर धीरे-धीरे लूज वायरिंग में फेज से न्यूट्रल में

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में पूर्व छात्राओं का हुआ समागम



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में संत हिरदाराम ओल्ड गर्ल्स एसोसिएशन द्वारा संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्राओं को एक मंच प्रदान करना था, जिससे कि वह पुनः अपने छात्र जीवन की यादों को जीवन्त कर अपने सफलता के अनुभव को साझा कर सकें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी, प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं संध्या मालवीय, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डॉ बी.आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंसेस, महू (इंदौर), सुश्री अभिलाषा शर्मा, नेटवर्क कंसल्टिंग इंजीनियर, सिस्को, चन्द्रा पवार, सिविल जज चयनित, सलोनी शर्मा, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग (म.प्र. लोक सेवा आयोग चयनित), दिव्या भावनानी,भारतीय रिजर्व बैंक, सुश्री आयुषी सक्सेना, टी.सी.एस. नागपुर, सुश्री समरा अख्तर, डाइटिशियन, बंसल हॉस्पिटल, सुश्री रितु मनवानी, मध्यप्रदेश जेल विभाग, दीपा आडवानी,पंजाब नेशनल बैंक, सुश्री प्रज्ञा गुप्ता एवं सुश्री सुनीता रामचंदानी सहित समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पूर्व छात्राएं उपस्थित थीं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अपने स्वागतीय उद्बोधन में कहा कि आज का दिन आप पूर्व छात्राओं का है। पूर्व छात्राओं हेतु यह हमारा पाँचवा आयोजन है। आप महाविद्यालय परिवार का एक अभिन्न अंग है। आप सभी छात्राएं हमारी ब्रांड एम्बेसेडर है। हमारी छात्राओं की उपलब्धियां सदैव हमें गौरवान्वित करती हैं। पूर्व छात्राओं के साथ उन्होंने वर्तमान छात्राओं से कहा कि आप सभी को पूर्व छात्राओं की स्वर्णिम धरोहर को आगे ले जाकर प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम फहराना है। आंतरिक खुशी महत्वपूर्ण है। संस्था के सचिव श्री ए.सी. साधवानी ने संस्थागत परिचय देते हुए कहा कि पूर्व छात्राएं उच्च पदों पर पदस्थ हैं यह संतजी की कृपा, श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी का आशीर्वाद एवं उनकी स्वयं की मेहनत का सुखद परिणाम है। महाविद्यालय में प्रदान किये जा रहे शिक्षा के साथ संस्कार मानव से महामानव बनने की यात्रा है। शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ होने से ही आप वित्तीय रूप से सुदृढ़ बन सकते हैं। श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के विभिन्न महत्वपूर्ण सत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। विशिष्ट अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने छात्राओं से कहा कि अपने अध्ययन के लिए इस महाविद्यालय का चयन आपका समझदारीपूर्ण निर्णय है, जहाँ नैतिक शिक्षा के साथ देश भक्ति से जुड़े कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया जाता है। सामाजिक जीवन महत्वपूर्ण है अतः समाज से जुड़े रहें। स्वयं को समय दें। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त करें। गलत कार्य न करें।

## मन जीते-जग जीते : सिद्धभाऊ

सिद्ध भाऊजी ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए यह एक प्रेरणात्मक सत्र है। महाविद्यालय जीवन में की गई पढ़ाई जीवनपर्यन्त आत्मसम्मान प्राप्ति, सम्मानित होने, सही-गलत की समझ, स्वावलंबी एवं व्यवहार कुशलता की सीख के साथ जीवनपर्यन्त हमारे साथ रहता है। अथक परिश्रम के पश्चात् मिली सफलता अमूल्य है। उच्च पद पर आसीन होने के बाद भी अपने परिवार को भरपूर समय दें। क्रोध एवं अहंकार का त्याग करें। समाज में सम्मान के साथ जीने एवं घर में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे इसका एकमात्र उपाय शिक्षा ही है। मन जीते - जग जीते पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति में हर परिस्थिति में ढलने का सामर्थ्य है वह कभी दुखी नहीं रहता। जीवन में कभी निराश न हो। सकारात्मक सोच ही सत्संग है। द्वेष का भाव न रखें। मन की शांति अक्षुण्ण रखने की कला सीखें। गृहस्थ जीवन एक तपोवन है जहाँ संयम की साधना करना होता है। भौतिक आकर्षणों से दूर रहें। दुर्लभ मनुष्य जीवन के मूल अर्थ को समझें। परमसत्ता, गुरूजन एवं माता-पिता के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। कृतज्ञता से समाज में हमारी सकारात्मक छवि बनती है। मन, वचन, कर्म से गलत कार्य न करें। अपने गुप्त रहस्य और कमजोरियों को कभी किसी से साझा न करें। हर संबंध में मर्यादा का पालन करें। वाणी में शब्द विनम्र एवं व्यवहार में शालीनता हो। वाणी का सद्उपयोग करें। तत्काल प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने कृतज्ञता के भाव, धैर्य एवं मधुर और सम्मानजनक वाणी पर विशेष जोर देते हुए अपनी बात कही।



महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थियों का परस्पर संबंध, शिक्षकों में विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने का उत्साह, अनुशासन, समय का सद्उपयोग, सुरक्षित वातावरण, श्रेष्ठ प्लेसमेंट, कौशल विकास, शिक्षा एवं संस्कार, विशेष आयोजित सत्र सहित अन्य सुविधाओं की प्रशंसा कर अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय को दिया।

इस कार्यक्रम में समस्त पूर्व छात्राओं को उपहार एवं पुस्तकें भेंट की गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा संत हिरदाराम ओल्ड गर्ल्स एसोसिएशन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देकर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी छात्राओं के लिये यह आयोजन उत्साह एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती प्रमिता दुबे परमार द्वारा किया गया।

## पीयूष शर्मा ने नीट-2023 की परीक्षा में 579 अंक प्राप्त करके स्कूल का गौरव बढ़ाया



**भोपाल।** क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ विज्ञान संकाय के छात्र पीयूष षर्मा ने कक्षा नर्सरी से बारहवी तक इसी स्कूल में अध्ययन किया है और जिन्होंने नीट-2023 की कठिन परीक्षा में 579/720 अंक प्राप्त करके स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता का श्रेय पीयूष की मेहनत व लगन के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों को भी जाता है। पीयूष हमेशा से ही होनहार एवं अनुशासन में रहने वाला छात्र रहा है। जिसकी वजह से आज उसने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कुद में भी अव्वल रहा है। स्कूल के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज, प्राचाय परमेन्द्र दरयानी एवं उपप्राचार्या रीना मंडलोई और पूरे क्राईस्ट मेमोरियल परिवार को पीयूष शर्मा की सफलता पर गर्व है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## संत निरंकारी मिशन अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित करेगा कार्यक्रम



**भोपाल।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' विषय अनुसार प्रातः 6.00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में आयोजित किया जायेगा सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के निर्देशन में जहां आध्यात्मिक जागरूकता को अधिक महत्व दिया जा रहा है वहीं समाज कल्याण के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक मागदर्शन देने हेतु अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित रूप से संचालित किया जा रहा है। मिशन इन गतिविधियों के लिए सदैव सराहा एवं प्रशंसा का पात्र भी रहा है। सत्गुरु माता जी का यही कहना है कि हम सभी में आध्यात्मिक जागृति तभी संभव है जब हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तभी हम सभी का संपूर्ण सर्वांगीण विकास हो सकता है। अतः हमें समय समय पर स्वास्थ्य जागरूकता हेतु भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए ताकि हम तन एवं मन से स्वस्थ रह सके। योग दिवस कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के 400 से अधिक स्थानों पर, संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा के निर्देशन में उत्साहपूर्वक किया जायेगा। जैसा कि विदित ही है कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का विषय -वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' रखा गया है। योग भारत की प्राचीन परंपरा की एक अमूल्य देन है।

## शिवसेना बीटी ने मनाया 57वां स्थापना दिवस



**भोपाल।** शिवसेना बीटी द्वारा शिवसेना का 57 वां स्थापना दिवस ओसिस होटल में मनाया गया। इस अवसर पर शिवसैनिकों ने केक काटा, अतिसवाजी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी, सुरेश करिया, राहुल साहू,अपूर्व दुबे, उपस्थित हुए। शिवसेना जिला अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि कई भाजपा कार्यकर्ता शिव शंकर मिश्रा की अगुवाई में शिवसेना का दामन थामा एवं मध्यप्रदेश मनसे के पदाधिकारी किशोर चौकसे की अगुवाई में शिवसेना में विलय कर दिया। कुलदीप तिवारी ने कहा फिल्म पर शिवसेना भाजपा पर सवाल खड़े किये एक तरफ आप दा केरला स्टोरी टेक्स फ्री करते हो वही दूसरी तरफ आदिपुरुष जैसी फिल्मों की चुप्पी साध लेते है ये दोहरा चेहरा जनता की नजर में भाजपा का उजागर हो चुका है।

## सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट 400 बच्चों को बांटेगा शिक्षण सामग्री

**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के कार्यकारणी की बैठक सुशील वासवानी की अध्यक्षता में सम्पन हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, जरूरत मंद 400 बच्चों को शिक्षण सामग्री 24 जून को संस्कार स्कूल में शाम 4 बजे बांटी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेदांत संत लाल साई रहेंगे। बैठक में नरेश तोलानी, रामचंद सभनानी, नारायणदास सभनानी, बसंत चेलानी, शंकरलाल आसुदानी,माधु चांदवानी, नरेश वासवानी सहित अन्य ट्रस्टीगण उपस्थित थे।



## सैलरी कटौती और पीएफ जमा ना होने से नाराज लो फ्लोर बसों के ड्राइवर-कंडक्टर

**भोपाल।** अपनी मांगो को लेकर लो फ्लोर बसों के ड्राइवर-कंडक्टर की हड़ताल से राजधानी भोपाल में लो फ्लोर बसों के पहिएसोमवार को थम गये। हड़ताल के चलते बस में सफर करने वाले यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा साथ ही ऑफिस कर्मचारी और स्कूल कालेज जाने वाले विद्यार्थियों को सुबह से मशक्कत करनी पढ़ी। जानकारी के अनुसार अपनी सैलरी कटौती और पीएफ जमा न होने से नाराज ड्राइवर और कंडक्टर ने सोमवार सुबह हड़ताल का ऐलान कर दिया। इसके बाद उन्होंने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के निराकरण की मांग की। इस दौरान बैरागढ़ और बागसेवनिया डिपो पर कर्मचारियों ने प्रर्दशन कर जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं आक्रोशित ड्राइवर-कंडक्टर ने आंदोलन को प्रदर्शित करने के लिए बीआरटीएस रोड पर चक्काजाम कर दिया। कर्मचारियो का कहना है कि वो अपनी समस्याओं से कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा चुके थे, लेकिन हर बार आश्वासन मिलने के बाद जब समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तब उन्होंने बीसीएलएल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में योग पर लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्रीय संचार ब्यूरो और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय योग पर आधारित भव्य चित्र प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय योग एवं आहार विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा इस संगोष्ठी में दैनिक जीवन में योग एवं रसाहार के माध्यम से हम किस तरह से लाभ ले सकते हैं इस पर योग विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। इस संगोष्ठी में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की योग विभाग अध्यक्ष डॉ साधना दानोरिया , योग एवं रसाहार विशेषज्ञ डॉ पूर्णिमा दाते, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के निदेशक प्रोफेसर रमाकांत पांडे, केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल के महानिदेशक प्रशांत पाठराबे सहित क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर उपस्थित रहेंगे ।

इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कल 20 जून 2023 को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा । यह प्रदर्शनी दो दिन तक आमजन के लिए उपलब्ध रहेगी । इस प्रदर्शनी में योग से संबंधित एवं आसनों से जुड़ी जानकारी दर्शकों को दी जाएगी। अगले दिन विश्व योग दिवस पर 21 जून 2023 को सुबह 7 बजे विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के छात्र एवं अन्य नागरिकों द्वारा सामूहिक योग का अभ्यास भी किया जाएगा।

## मन स्वस्थ व तन तंदुरूस्त रखना हैं तो प्राकृतिक चिकित्सा अपनाइएः डॉ टेवानी



**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा 9 जून से 18 जून तक दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका भव्य अनुभव समारोह आयोजित किया गया। शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि इस शिविर में अलग-अलग स्थानों से जिसमें मध्यप्रदेश से 24, महाराष्ट्र से 21, उत्तर प्रदेश से 16, पंजाब से 10, छत्तीसगढ़ से 7, राजस्थान से 6, दिल्ली से 5, हरियाणा से 4, ओडिशा से 4, बिहार से 4, झारखण्ड से 3, तेलंगाना से 2, बैंगलुरू से 2 और गुजरात से 1 साधकगणों ने भाग लिया। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार किया गया। डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि संत हिरदाराम साहिब ने आरोग्य केन्द्र पर आशीर्वाद दिया हैं कि इस स्थान की मिट्टी जो भी अपने तन पर लगाते हैं, उनके सारे रोग मिट जाते हैं। सबसे पहले आपको अपने विचारों को सकारात्मक रखना होगा कि आप स्वस्थ हैं और हमेशा स्वस्थ रहेंगें, इस विचार से आपके आधे से ज्यादा रोग मिट जाते हैं। इन दस दिनों में आप स्वंय अनुभव करते हैं कि आपके शरीर का शुद्धिकरण के दौरान आपके शरीर से गंदगी बाहर निकलती हैं और ऊर्जा स्वास्थ्य के रूप में मिलती हैं। इस शिविर में आपको ज्ञान दिया जाता हैं कि आप घर पर भी कैसे स्वस्थ रहें।

# भोपाल में आयोजित हुआ आल इंडिया के पॉप कांटेस्ट 2023 का रीजनल राउंड

### पूरे भारत से 11,071 टीमें भाग ले रही हैं, कांटेस्ट में यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी




**भोपाल।** कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया (केसीसीआई) एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023 का आयोजन कर रहा है। आज भोपाल के सरदार वल्लभभाई पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ कॉन्टेस्ट का रीजनल राऊंड जिसमे 22 टीमों ने हिस्सा लिया (10 वोकल और 12 डांस)। वहा मौजूद के-पॉप प्रशंसकों ने प्रतियोगियों का उत्साह बहुत खूब बढ़ाया। इस साल पूरे भारत से 11,071 टीमें भाग ले रही हैं जो अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी रही है। यह आयोजन लगभग छह महीने में पूरी होगी जिसे चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। ऑनलाइन, रीजनल राउंड, सेमी-फाइनल और ग्रैंड फिनाले। ऑनलाइन क्वालिफायर राउंड 26 अप्रैल से 13 मई तक आयोजित किया गया था जिसमें पूरे भारत से 11,071 टीमों ने भाग लिया। ऑनलाइन राऊंड से चयनित प्रतिभागी 11 शहरों में आयोजित होने वाले रीजनल राउंड में भाग लेंगे। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी, कोलकाता, भोपाल, कोहिमा, लखनऊ और ईटानगर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय दौरों में प्रतिभागी कड़ी प्रतिस्पर्धा देने के लिए कमर कस रहे हैं। रीजनल प्रीलीमिनरी से चयनित सिंगिंग और डांस कैटेगिरी के हर विजेता को जुलाई के अंत में दिल्ली में होने वाले सेमीफाइनल में भाग लेने का मौका मिलेगा। सेमीफाइनल के 10 विजेता (5 सिंगिंग, 5 डांस) K-POP अकादमी के जरिए एक्सपर्ट्स से ट्रेनिंग मिलेगी। फाइनल जीतने वाले विजेता को पुरस्कार के तौर पर कोरिया का दौरा कराया जाएगा। दिल्ली सेमी फाइनल और फाइनल राउंड दोनों की मेजबानी करेगा। इवेंट का फाइनल राउंड कोरिया के प्रसिद्ध के-पॉप कलाकार बैंड के साथ जी 20 शिखर सम्मेलन का जश्न मनाने के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ह्वांग इल-योंग ने कहा, के-पॉप सिर्फ कोरियाई पॉप सॉन्ग नहीं है, बल्कि दुनिया भर के लोगों को जोड़ने का एक माध्यम बन गया है। भारत में भी कई ऐसे युवा हैं जो के-पॉप को पसंद करते हैं और इसमें टैलेंटेड हैं। हम एक ऐसा मंच बनाना चाहते हैं, जहां कोरिया और के-पॉप से प्यार करने वाले भारतीय युवा मंच पर खड़े हो सकें, शो का आनंद ले सकें और अपने सपनों को आगे बढ़ा सकें।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक जियोन होंग-जू ने कहा यह कहने का समय आ गया है कि के-पॉप ने आखिरकार भारत में अपनी जगह बना ली है। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के साथ के-पॉप प्रतियोगिता की सह-मेजबानी करने पर हमें बेहद खुशी हो रही है। हमें खुशी है कि हम युवाओं को उनके जुनून को जीने के लिए एक सही मंच दे रहे हैं। के-पॉप एक वैश्विक सनसनी बन गया है।

# नागरिक सुविधाओं को और अधिक बेहतर कर सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाएं : महापौर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने निर्देशित किया है कि शहर के नागरिकों को नगर निगम द्वारा प्रदाय की जाने वाली सभी सुविधाओं को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं और स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में भोपाल को स्वच्छता का सिरमोर बनाने बनाने हेतु साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाया जाए। महापौर श्रीमती राय ने उक्त निर्देश विभिन्न जोनों के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए साथ ही वर्षा ऋतु में नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के सभी क्षेत्रों में जर्जर एवं भयप्रद भवनों को शीघ्रता से चिन्हित कर उनके विरूद्ध समुचित कार्यवाही करने, जलप्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु भी निर्देशित किया। महापौर मालती राय ने सोमवार को जोन क्र. 01, 11, 12, 18, 19 एवं 20 के अधीन स्वच्छता, जलापूर्ति, यांत्रिक, राजस्व, विद्युत, उद्यानिकी, अतिक्रमण आदि कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने जोन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षदगण से चर्चा की एवं अधिकारियों से निगम के कार्यों एवं जनसुविधा संबंधी जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने शहर के सभी क्षेत्रों में जर्जर एवं भयप्रद भवनों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध समुचित कार्यवाही करने, स्ट्रीट लाईट्स की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने व वार्ड समितियों की बैठक नियमित रूप से आहूत करने तथा सम्पत्तिकर सहित अन्य करों, शुल्कों की वसूली भी प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत शहर की साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन संबंधी कार्यों को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने व आमजन को स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग हेतु प्रेरित कर अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने के हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने शहर के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत लाईनों के आसपास के वृक्षों की टहनियों आदि की कटाई-छटाई विद्युत मण्डल के समन्वय के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने नाला-नालियों की साफ-सफाई पर भी सतत् रूप से निगरानी करने और कहीं भी बहाव को अवरूद्ध न होने देने के निर्देश दिए।

# प्रदेश में जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत को सहेज कर रखा जाएगा : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के लोगों और सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से किया संवाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत को सहेज कर रखा जाएगा। जनजातीय नायकों की मूर्तियाँ स्थापित करने के कार्य में कमी नहीं रहने दी जाएगी। समाज के गौरव और सम्मान के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में वीरांगना रानी दुर्गावती की गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जनजातीय वर्ग की बढ़चढ़कर भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री चौहान निवास कार्यालय में जनजातीय समाज के लोगों और समाज के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ईश्वर ने धरती के संसाधन सभी के लिए बनाए हैं। प्राकृतिक संसाधनों पर सभी का हक है। सामाजिक समरसता और समन्वय के साथ गरीबों को न्याय मिले, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। जनजातीय क्षेत्र में एक समय में स्कूल और छात्रावासों का अभाव था। अब व्यापक स्तर पर स्कूल, छात्रावास, कॉलेज जगह-जगह खोले गए हैं। बेटियाँ शाला जाकर प? नहीं पाती थीं, इस बात को ध्यान में रखते हुए हमने वर्ष 2006-07 में बेटियों को साइकिल देने का अभियान शुरू किया। इसके बाद बेटों को भी साइकिल देना शुरू हुआ। बड़ी संख्या में बच्चों ने स्कूल, कॉलेज जाना शुरू किया। अब बड़ी संख्या में बेटा-बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**विकास की दौड़ में पीछे रह गए लोगों को बराबरी पर लाएंगे:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि नर्मदा जी का पानी विभिन्न जिलों में पहुँचाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कपिलधारा के कूप व्यापक स्तर पर खुदवाए गए हैं। सिंचाई की सुविधा ब?ने से अच्छी फसल पैदा होने लगी है। सिंचाई के साधनों का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विकास की दौ? में पीछे रह गए लोगों को बराबरी पर लाया जाएगा। पेसा नियम लागू किया गया है। जनजातीय क्षेत्रों में गौण खनिजों पर पंचायतों को अधिकार दिया गया है। पेसा नियम के प्रत्येक प्रावधान को लागू किया जा रहा है। पेसा नियम महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान चलाया गया है। रोजगार और स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए युवाओं के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में एक लाख पदों पर भर्ती जारी है, 50 हजार पदों पर भर्ती और होगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की गई हैं। बैगा, भारिया, सहरिया जनजाति की महिलाओं को पोषण आहार अनुदान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना से सामाजिक क्रांति आ रही है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में युवाओं को प्रशिक्षण और भत्ता देने की योजना बनी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना जैसी कई योजनाएँ चल रही हैं। विदेशों में अध्ययन, नीट की परीक्षा आदि के लिए सुविधा प्रदान की जा रही है। अब मेडिकल और इंजीनियर की पढ़ाई हिन्दी में होगी।

यह क्रांतिकारी फैसला है। आज लगभग 46 लाख बेटियां लाड़ली लक्ष्मी हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेश की सवा करोड़ बहनों को 1000 रूपए दिए जाएंगे, जो धीरे-धीरे 3 हजार तक पहुँच जाएंगे। मेरी संकल्पना है कि हर बहन लखपति बने। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि आमआदमी के कल्याण की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए मिलकर काम करें। बहनों के कल्याण की योजनाओं का लाभ ठीक ढंग से दिलाने के लिए लाड़ली बहना सेना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सरकार और प्रशासन के बीच की कड़ी बनकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर अपना जीवन अर्थपूर्ण बनाएँ। टीम बनाकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री चौहान को जनजातीय समाज के लोगों ने तीर-कमान और पुष्प-गुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री चौहान को साफा बाँध कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समस्त जिलों के जनजातीय समाज के लोग उपस्थित थे।





भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भोपाल के उत्तर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 15 हनुमान मंदिर टीला जमालपुरा में घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर पत्रक वितरित किए। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मध्य विधानसभा के बूथ क्रमांक 180 ईश्वर नगर में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क किया।

# निकाय उप चुनाव में विजय प्रत्याशी ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री का किया स्वागत



**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के बिलहरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 01 के नगरीय निकाय उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजय प्राप्त हुई है जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भाजपा के विजय प्रत्याशी कमलेश सौंर ने सागर कार्यालय एफ-1 में माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विजय प्रत्याशी को जीत की शुभकामनायें देते हुये कहा कि पार्षद विकास की आधारभूत क?ी है अपने पद और जनता के विश्वास को हमेशा बनाये रखना। श्री राजपूत ने बिलहरा की जनता का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि उप चुनाव में कमलेश सौंर वार्ड क्र.1 से भाजपा के प्रत्याशी थे विपक्ष में हरनाम सौंर उर्फ हन्नू सौंर कांग्रेस से प्रत्याशी थे जिन्हें मात्र 262 वोटें मिलीं वहीं दूसरी ओर भाजपा की रीतिनीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता ने भाजपा के प्रत्याशी कमलेश सौंर का साथ दिया जिन्हें 449 मत प्राप्त हुये अपने प्रतिद्वंधी से 187 मतों से विजयी रहे। यह विजय भाजपा की है जिसने जनकल्याणकारी योजनाओं में हर व्यक्ति को शामिल किया। यह उपचुनाव के परिणाम बताते हैं कि जनता भाजपा के साथ है। विजय प्रत्याशी कमलेश सौंर ने कहा कि राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों एवं भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं के चलते जनता का भरोसा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा भाजपा पर है। मंत्री की मंशानुसार मैं क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर मनीष गुरू, संतोष पटैल बिलहरा मंडल अध्यक्ष, बृजेश तिवारी पार्षद, बृजेन्द्र सिंह बब्लू, घनश्याम चौरसिया, नरेन्द्र विश्वकर्मा, कोमल पाठक, राकेश तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, सतेन्द्र अहिरवार, विजय अहिरवार, मनोज अहिरवार, हेमंत यादव, हरिकेष सौंर सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जांच समिति ने सतपुड़ा अग्नि दुर्घटना की रिपोर्ट सौंपी, 24 करोड़ के नुकसान का अनुमान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सतपुड़ा भवन में 12 जून 2023 की शाम को हुई अग्नि दुर्घटना की जाँच के लिये गठित समिति ने 287 पृष्ठ की प्राथमिक रिपोर्ट राज्य शासन को सौंप दी है। समिति ने प्राथमिक आंकलन में 24 करोड़ रूपये का नुकसान दर्ज किया है। जाँच समिति ने सोमवार को विभिन्न बिन्दुओं के दृष्टिगत तैयार की गई प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। समिति ने प्रभावित 3 स्थल का निरीक्षण कर 32 बयान दर्ज किये।

रिपोर्ट में राज्य-स्तरीय फॉरेंसिक साइंस लेब सागर की जाँच रिपोर्ट, चीफ इलेक्ट्रिसिटी इंस्पेक्टर और उनके जाँच दल की तकनीकी रिपोर्ट, नुकसानी के आकलन के लिये बनी लोक निर्माण विभाग की 2 उप समितियों के प्रतिवेदन को शामिल किया गया है।

जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित है कि राज्य न्यायालयीन विज्ञान प्रयोगशाला सागर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार सतपुड़ा भवन की तीसरी मंजिल स्थित अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के उप संचालक वीरेन्द्र सिंह के कमरे में लगा एल्यूमीनियम धातु से बना विद्युत तार, एमसीबी (मिनियेचर सर्किट ब्रेकर) के जले-अधजले भाग एवं कॉपर जैसी धातु के मल्टी स्ट्रेन्स विद्युत तार में उपस्थित विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट से उत्पन्न होने वाले आंतरिक ताप के प्रभाव विद्यमान हैं। तीसरी मंजिल पर आग लगने का संभावित कारण विद्युत शॉट सर्किट से होना प्रतीत होता है। राज्य प्रयोगशाला द्वारा थीन लेयर क्रोमेटोग्रॉफिक एवं गैस क्रोमेटोग्रॉफिक परीक्षण के बाद रिपोर्ट में दुर्घटना स्थल से प्राप्त आठ सेम्पल की वस्तुओं में ज्वलनशील पेट्रोलियम हाइड्रो कार्बन (पेट्रोल, डीजल एवं केरोसिन) के अवशेष अनुपस्थित बताये गये हैं। यह सभी सेम्पल भविष्य में किसी भी जाँच के मद्देनजर सुरक्षित रखे गये हैं।

जांच समिति ने निष्कर्ष में स्पष्ट किया है कि पश्चिमी विंग सतपुड़ा भवन में 12 जून को लगी आग उप संचालक वीरेन्द्र सिंह के तीसरी मंजिल के कक्ष में शॉर्ट सर्किट से आरंभ हुई। समिति ने अपने निष्कर्ष में कहा है कि जान-बूझकर अथवा शरारत के रूप में इस घटना को घटित करने में किसी भी व्यक्ति की संदिग्ध भूमिका परिलक्षित नहीं होती है।

## अमरपाटन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जुलाई तक हर घर पहुंचेगा नल से जल

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि बाण सागर सामूहिक ग्रामीण जल-प्रदाय योजना से सतना जिले के अमरपाटन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में इस वर्ष जुलाई तक हर घर नल से जल पहुंचेगा। साथ ही इस वर्ष नवम्बर-दिसम्बर तक रामनगर क्षेत्र के खेतों में सिंचाई के लिये भरपूर जल उपलब्ध होगा। राज्य मंत्री श्री पटेल रविवार को 7 करोड़ 28 लाख रूपये लागत से बनने वाली 7 पक्की सड़क के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि यह 7 पक्की सड़कें क्षेत्र की 13 पंचायतों की जीवन-रेखा होंगी। सड़कों के बनने से इन क्षेत्रों के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को सड़क का कार्य नियत समय में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

# गीता प्रेस के गांधी शांति पुरस्कार का विरोध भारत की आस्था पर हमला : रजनीश अग्रवाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गीता प्रेस एक साधना है,तपस्या है। जिसने भारत की संस्कृति, धर्म और अध्यात्म को जन-जन तक पहुंचाया है। गीता प्रेस के कारण सामाजिक और नैतिक मूल्य को बल मिला है। सांस्कृतिक जागरण के माध्यम गीता प्रेस पर आरोप लगाना कांग्रेस के भारतीयता के विरोध में खड़े होने का उदाहरण है। गीता प्रेस को मिले गांधी शांति पुरस्कार का विरोध कर कांग्रेस नेता जयराम रमेश भारत की आस्था पर हमला कर रहे हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा किये गये विवादित ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। जयराम रमेश ने ट्वीट कर गीता प्रेस को पुरस्कार देना गोडसे को इनाम देने जैसा' बताया था । रजनीश अग्रवाल ने कहा कि गीता प्रेस गोरखपुर को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है जो इस वर्ष अपनी शताब्दी मना रही है। इस पुरस्कार को गीता प्रेस को दिए जाने पर कांग्रेस ने ना केवल आपत्ति ली है बल्कि गीता प्रेस पर घटिया और विकृत आरोप भी लगाए हैं, कांग्रेस की यही विकृत मानसिकता उसके चुनावी हिन्दू होने को प्रमाणित करती है। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस के अधिकृत मीडिया प्रभारी और राहुल गांधी के ज्ञानदाता जयराम रमेश भारत की आस्था पर हमला कर रहे हैं? आखिर क्या कारण है कि वह गीता प्रेस को संदिग्ध और आरोपित करने का कार्य कर रहे हैं? वे हिंदू संस्कृति से जुड़े हुए हर पक्ष पर हमला बोलते हैं।

## 25 को राष्ट्रीय बुन्देलखंड दिवस मनेगा

**भोपाल।** साहित्य संसार द्वारा , अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में अनेक साहित्यिक-सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 25 जून रविवार को 'बुन्देलखण्ड दिवस', देष भर में साहित्यकारों द्वारा अपनी अपनी संस्थाओं के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव पर विभूतियों को नमन करने के लिये , प्रतिष्ंिठत साहित्यकार पद्म श्री कैलाष मड़बैया के 80 वें जन्म दिवस' स्वरुप आयेजित किया जा रहा है। मुख्य समारोह भोपाल में विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ , विधायक विश्राम गृह खण्ड 3 के सभागार में होने जा रहा है। संयोजक साहित्यकार श्री जगदीष रावत ने बताया कि 24 जून को दूरदर्षन भोपाल से 11बजें सवेरे 'नमस्कार भोपाल' अन्तर्गत साक्षात्कार और 25 जून को सवेरे 10 बजे से एम.एल.ए. रेस्ट हाउस खण्ड 3 के हाल में राष्ट्रीय बुंदेली भाषा सम्मेलन में बुन्देली राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ,आमंत्रित विद्वानों द्वारा बुंदेली में शोध आलेख,बुन्देली के रंगारंग नृत्य आयोजित किये जा रहे है। 'बुन्देलखण्ड का सूरज' आदि श्रेष्ठ कृतियों का लोकार्पण भी किया जायेगा।

# एमपी एमएसएमई समिट का समापन, पुरस्कार वितरण और एमओयू भी हुए

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एमपी एमएसएमई समिट में प्रतिभागियों ने स्वीकार किया है कि राज्य शासन द्वारा औद्योगिक विकास के लिए बेहतर नीतियों, निर्णयों और हितबद्ध उद्यमियों के लिए लचीले नियम-कायदों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को सहयोग और सुधारात्मक माहौल मिला है। उन्होंने माना है कि लगातार लिए गए शानदार निर्णयों ने मध्यप्रदेश में एमएसएमई सेक्टर में एक नजीर स्थापित कर दी है और एमएसएमई ईको सिस्टम बेहतर हुआ है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आर्थिक विकास के शुभ संयोग- मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग थीम पर आमेर ग्रीन्स परिसर में एक दिवसीय एमपी एमएसएमई समिट का सोमवार को करीब डे? हजार प्रतिभागियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया था। एमएसएमई और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा शुभारंभ से लेकर सभी 6 सत्र में शामिल हुए और औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों, उद्योग परिसंघ के पदाधिकारियों और नव-उद्यमियों से लगातार संवाद करते रहे। समिट में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एमएसएमई के योगदान का उल्लेख कर एमएसएमई के विकास के लिए राज्य शासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। समिट में मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए राज्य स्तरीय एमएसएमई पुरस्कार प्रदान किये गए।

समिट का आयोजन प्रदेश में एमएसएमई इकाइयों और उनसे सृजित रोजगार के प्रोत्साहन के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिनमें उद्यमी एवं उद्योगपति, उद्योग संघ पदाधिकारी, स्टार्टअप से जुड़े व्यक्ति और विद्यार्थी शामिल थे। सभी जिलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। समिट का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा देना, नवाचार की भावना को विकसित करना तथा राज्य के विकास में एमएसएमई के योगदान को उजागर करने के साथ ही एक समग्र एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करना है।

सत्रों में बताया गया कि समिट का सूत्र वाक्य आर्थिक विकास के शुभ संयोग मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग प्रदेश के आर्थिक विकास को सरल शब्दों में रेखांकित करता है। विनिर्माण वृद्धि को उच्चतर गति देने के लिए केन्द्र सरकार के साथ कदम मिलाते हुए राज्य शासन ने प्रमुख क्षेत्रों में अनेक उपायों की शुरुआत की है, जैसे स्टार्ट-अप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, एक जिला-एक उत्पाद, नीति सुधार इत्यादि में काफी काम हुआ है ।

सचिव पी. नरहरि ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए एक सुदृढ़ एवं लचकदार संरचना का होना मूलभूत एवं अत्यावश्यक शर्त है। राज्य शासन ने सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों के सहयोग से विभिन्न सुधारात्मक उपायों के द्वारा एमएसएमई इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने की दिशा में निर्णयात्मक कदम उठाए हैं, जिसका एक माइलस्टोन आज की म.प्र. एमएसएमई समिट 2023 मानी जाएगी।

समिट में एनएसई इंडिया, वालमार्ट, आरएक्सआईएल, इनवाइस मार्ट तथा आईसेक्ट के साथ एमओयू हुए। इन एमओयू के निष्पादन से प्रदेश की एमएसएमई को पूँजी जुटाने के अवसर प्राप्त होंगे, ट्रेड प्लेटफार्म पर एमएसएमई को ऑनबोर्ड करने में सुविधा होगी और एमएसएमई के समग्र विकास में ये सभी संस्थाएँ राज्य शासन के साथ मिल कर कार्य करेंगी।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए एनफोर्समेंट एजेंसियों के नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में आज बैठक की। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों को लेकर पुलिस, आयकर, वाणिज्यिक कर/आबकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सीआईएसएफ, नारकोटिक्स केंद्रीय एवं राज्यीय, परिवहन, बैंक, दूरसंचार, रेलवे विभाग, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा शुल्क एवं सेवाकर, स्टेट जीएसटी, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री राजन ने विभागीय अधिकारियों को राज्य एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने और प्रभावी कार्यवाही की रूपरेखा बनाने सहित आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस विभाग- निर्वाचन व्यय निगरानी तंत्र के अंतर्गत अवैध शस्त्र, अवैध धन, अवैध मदिरा, अवैध सामग्री, ड्रग्स सहित अन्य मादक पदार्थो की जब्ती की प्रभावी कार्यवाही के लिए रूपरेखा बनाने, पुलिस पोर्टल, निर्वाचन, व्यय निगरानी के अंतर्गत दर्ज किए गए प्रकरण-एफआईआर की जानकारी एवं उनके निराकरण की स्थिति, निर्वाचन व्यय संवेदनशील विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के चयन में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को सहयोग करना, आयोग द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में हर दिन भेजे जाने वाली रिपोर्ट तथा मतदान दिवस के दिन भेजी जाने वाली रिपोर्ट की व्यवस्था करना।

आयकर विभाग निर्वाचन व्यय निगरानी तंत्र के अंतर्गत अवैध धन, अवैध सामग्री, ड्रग्स, अनएकाउंटेड ज्वेलरी की जब्ती की प्रभावी कार्यवाही के लिए प्लान बनाने, एयरपोर्ट्स पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना करना, एयरपोर्ट/एयरस्ट्रिप/ हेलीपेड पर कार्यवाही हेतु टीम का गठन एवं सूचना मिलने पर कार्यवाही के लिए व्यवस्था करना। वाणिज्यिक कर विभाग/ आबकारी कार्यालय- निर्वाचन व्यय निगरानी तंत्र के अंतर्गत अवैध मदिरा, मादक पदार्थ की जब्ती के लिए रूपरेखा बनाने, डिस्टलरीज एवं वेयर हाउस की जानकारी एवं सीसीटीवी कवरेज की व्यवस्था, बॉर्डर चैक पोस्ट पर प्रभावी कार्यवाही के लिए प्लान एवं निगरानी तथा बॉर्डर मीटिंग, औचक निरीक्षण करना।

स म्पा द की य

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। यूं तो 2014 के बाद से वह बतौर प्रधानमंत्री छह बार अमेरिका जा चुके हैं, लेकिन इस यात्रा को उनकी पिछली तमाम यात्राओं से अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है तो उसके पीछे कुछ ठोस कारण हैं। पहली बात तो यही कि यह पहला मौका है, जब वह बाकायदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा को राज्य अतिथि का दर्जा हासिल है।

देखा जाए तो स्वतंत्र भारत के इतिहास में उनसे पहले सिर्फ दो नेता ऐसे रहे, जो अमेरिका के स्टेट विजिट पर गए। पहले 1963 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह। स्पष्ट है, अगर अमेरिका ने आज के माहौल में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को इतनी अहमियत देने का फैसला किया तो वह कुछ तो कारण होंगे ही। ऐसी कूटनीतिक पहल काफी सोच-समझकर तय की जाती है। इस संदर्भ में देखें तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत और अमेरिका के रिश्ते नई ऊंचाइयां छूने की ओर हैं। पहले की तरह अब इसमें विश्वास का कोई संकट नहीं रह गया है। जिन समझौतों पर दोनों पक्षों में सहमति बन चुकी है और जिन पर हस्ताक्षर की औपचारिकता इस दौरे में पूरी होनी है, वे न केवल दोनों देशों के लिए फायदेमंद हैं बल्कि द्विपक्षीय रिश्तों के नए चरण की शुरुआत के भी साक्षी बनेंगे। खासकर जीई 414 फाइटर जेट इंजन भारत में बनाने का समझौता और अमेरिकी ड्रोन खरीदने का समझौता।

ये सौदे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत आधार देंगे और अमेरिका में यह उम्मीद बन रही है कि इससे हथियारों के मामले में भारत की रूस पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलेगी।

एक बात और, यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत की स्वतंत्र भूमिका अमेरिका को शुरू से खटकती रही है। उसकी कोशिश रही है कि भारत खुलकर रूस की निंदा करे। अच्छी बात यह है कि दोनों देश एक दूसरे की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए आपसी सहयोग बढ़ाने की राह पर चल रहे हैं। इसलिए आगे भी इसमें कोई बाधा आने के आसार नहीं हैं। एक अन्य पहलू चीन का है, जिसकी बढ़ती आक्रामकता ने दोनों देशों में चिंता पैदा की है। क्वॉड से लेकर आई2यू2 तक तमाम मंचों पर भारत और अमेरिका आपसी तालमेल कायम रखते हुए इस साझा चुनौती का मुकाबला कर रहे हैं। यह समीकरण भी इस सोच को मजबूती दे रहा है कि अगर भारत और अमेरिका एक-दूसरे के साथ सहयोग करें तो कई मामलों में चीन से सप्लाई पर निर्भरता कम की जा सकती है। खास तौर पर कोरोना महामारी के बाद के दौर में लोकतांत्रिक और उदार मूल्यों के साथ जी रहे देशों में यह जरूरत तीव्रता से महसूस की जा रही है।

वैसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह भी है कि भारत विश्व का एक बहुत बड़ा बाजार है और अमेरिका बहुत बड़ा व्यापारी। साथ ही भारत का पूरी दुनिया में अलग सामरिक महत्व भी है। उसके बिना अमेरिका चीन से लड़ ही नहीं सकता। सो भारत उसके लिए हर तरह से महत्वपूर्ण देश है। माना जा रहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात में प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा न सिर्फ द्विपक्षीय मामलों में सहयोग बढ़ाएगा बल्कि पूरी दुनिया को सकारात्मक संदेश देने वाला साबित होगा और सामरिक दृष्टि से भी नए समीकरण बनेंगे।

# राजनीति में ताजगी की बाट जोहता मध्यप्रदेश

**सरयूसुत मिश्र**

मध्यप्रदेश में चुनावी बिसात पर जीत हार के दावे हर ओर से आने लगे हैं. सियासी पार्टियों से ज्यादा नेताओं के चेहरों पर दांव लगाए जा रहे हैं. राज्य में मुख्य दोनों दलों में सियासत चेहरों के इर्द-गिर्द ही घूम रही है. विपक्ष के रूप में कांग्रेस, सरकार और मुख्यमंत्री के विरुद्ध एंटी इनकंबेंसी के भरोसे अपनी सत्ता के सपने बुन रही है तो सरकार कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के उबाऊ चेहरे और बासीपन से आस लगाए हुए है।

जहां भी ताजगी नहीं होती वहां मुर्दानगी और निराशा स्वाभाविक रूप से देखने को मिलती है. एमपी की राजनीति में भी ऐसा ही माहौल दिखाई पड़ रहा है. दोनों दलों में नेतृत्व के खिलाफ कार्यकर्ताओं में भविष्य की आशा से ज्यादा ऊब और निराशा का माहौल देखा जा रहा है. राजनीति में बदलाव और नए नेतृत्व की आवश्यकता निराशा को खत्म करने कैडर में उत्साह और ताजगी बढ़ाने के लिए हमेशा से किया जाता रहा है।

एंटीइनकंबेंसी सरकार, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के खिलाफ ही नहीं होती बल्कि राजनीति में लंबे समय से स्थापित चेहरों के प्रति भी होती है. देश में इस संबंध में अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं जब स्थापित नेताओं को बिल्कुल नए और पहली बार चुनाव मैदान में उतरे नौसिखिया लोगों ने चुनाव में पराजित कर दिया।

मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों के उपचुनाव में छिंदवाड़ा में पार्षद के चुनाव परिणाम ने चौंकाया है. कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जो भावी और अवश्यंभावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रचारित किए जा रहे हैं उनके विधानसभा क्षेत्र और पुश्तैनी राजनीतिक गढ़ में बीजेपी ने जीत हासिल की है. यह परिणाम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कमलनाथ के खिलाफ उनके ही जिले में एंटी इनकंबेंसी चरम पर है. 40 सालों से अधिक समय से कमलनाथ वहां से निर्वाचित सांसद बनते रहे हैं. अब उनके बेटे नकुलनाथ छिंदवाड़ा से सांसद हैं. छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कमलनाथ स्वयं विधायक हैं. छिंदवाड़ा जिले की राजनीति कमलनाथ के इशारे और सहारे पर चलती रही है. जब भी सियासत में लंबा वक्त पद पर हो जाता है तब स्वाभाविक रूप से लोगों में नाराजगी बढ़ने लगती है. यही छिंदवाड़ा में भी हो रहा है. कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में अपने पक्ष में जनादेश हासिल करना सबसे बड़ी चुनौती लग रही है।




बीजेपी में भी एकमात्र चेहरा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं. इतिहास इस बात का गवाह है कि शिवराज सिंह चौहान के पहले एमपी में बीजेपी कभी भी पांच साल का कार्यकाल पूरा करने में सफल नहीं हुई थी. जबसे उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला है तबसे बीजेपी ने ना केवल पांच साल तक सरकार का कार्यकाल पूरा किया बल्कि जनादेश हासिल कर फिर से सरकार बनाई. 2108 के बाद 15 महीने के भीतर कांग्रेस सरकार के पतन के बाद शिवराज सिंह चौहान ने फिर से प्रदेश में सरकार स्थापित की और उपचुनाव में विधायकों ने नया जनादेश हासिल किया।

स्वाभाविक रूप से अगले चुनाव में शिवराज सिंह चौहान ही इस बार भी बीजेपी के फेस माने जा रहे हैं. राजनीतिक विश्लेषक कार्यकर्ताओं में नीरसता देख रहे हैं जो लंबे समय तक शासन के कारण हो सकती है. यद्यपि कार्यकर्ताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि जो पार्टी कभी पांच साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं कर सकती थी वह पार्टी आज इतने लंबे समय से सत्ता पर काबिज है तो इसका श्रेय शिवराज सिंह चौहान को ही जाएगा।

आजकल सियासत दलों और संगठन से ज्यादा व्यक्तिगत हित और अहित पर निर्भर हो गई है. संगठन से ज्यादा व्यक्तिवाद की राजनीति काम करने लगी है. संगठन के नजरिए से अभी भी बीजेपी कांग्रेस से अधिक मजबूत स्थिति में मानी जा सकती है. राजनीति में लोगों के मन में निराशा का भाव बढ़ता जा रहा है. चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के तमाम प्रयासों के बावजूद भी मतदान का प्रतिशत अभी भी अपेक्षित ढंग से बढ़ नहीं पा रहा है. लोग वोट देने जाने से भी कतराने लगे हैं. बदलाव और नयापन प्रकृति का नियम है. उबाऊ और थकाऊ परिस्थितियां सियासत के प्रति निराशा को बढ़ा रही हैं।

मध्यप्रदेश में एक दौर था जब राजनीति से निराशा इतनी बढ़ गई थी कि कई स्थानों से किन्नर जनप्रतिनिधि चुने गए थे. यह बात इसलिए अजीब लग रही थी कि सामान्यत: ऐसा सियासत में होता नहीं था लेकिन यह किन्नरों का भी अधिकार है. इस पर किसी को आपत्ति नहीं है. राजनीतिक बासीपन और निराशा के दौर के खिलाफ जनादेश का यह बम विस्फोट ही माना जाएगा।

सियासत में स्थापित राजनेताओं को कई बार ऐसे सामान्य कार्यकर्ता पटकनी दे देते हैं. जिनके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था. पंजाब के चुनाव में मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी को मोबाइल रिपेयर दुकान पर नौकरी करने वाले प्रत्याशी ने हराया था. ऐसी घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि मतदाता केवल हराने के लिए मतदान करते हैं. ऐसी परिस्थितियां निर्मित क्यों होती हैं कि मतदाता को सकारात्मक मतदान की बजाए हराने के लिए मतदान करने की नौबत तक आती है।


सियासी वायदों और उनकी पूर्ति में सामंजस्य ना होने के कारण भी राजनीतिक क्षेत्र में निराशा का वातावरण बनता है. राजनेताओं के बड़बोलेपन से जनता में ऊब पैदा होती है. एमपी की राजनीति इस समय बडबोलेपन से भरी हुई है. ऐसे वायदे और गारंटियां आज मतदाताओं को दी जा रही हैं जिनकी पूर्ति का कोई वित्तीय ढांचा किसी के भी समझ नहीं आ रहा है. दोनों मुख्य दल मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर छोड़ने को तैयार नहीं है. राज्य की अर्थव्यवस्था और वित्तीय संसाधनों पर कोई भी बात करने को तैयार नहीं है. मध्यप्रदेश के लिए आने वाला चुनाव ऐसा पहला चुनाव होगा जिसमें दोनों मुख्य प्रतिद्वंदी दलों बीजेपी और कांग्रेस को पांच साल की अवधि में सरकार चलाने का अवसर मिला. दोनों दलों की सरकारों की उपलब्धियाँ और एंटीइन्कम्बेंसी जनता के सामने है।

बिजली पानी सड़क के मुद्दे पर दशकों पहले कांग्रेस की सरकार की पराजय के बाद 2018 में कांग्रेस को सरकार चलाने का मौका मिला था. यदि बिजली पानी सड़क के हालातों पर नजर डाली जाएगी तो निश्चित रूप से इन स्थितियों में काफी सुधार हुआ है. पुराने और बूढ़े कंधों पर तो नवउत्कर्ष की कल्पना कागज पर ही की जा सकती है. वास्तव में तो जब भी कोई सार्थक और कल्याणकारी नवोदय हुआ है वह नए और युवा नेतृत्व से ही संभव हो सका है।

एमपी की राजनीति में अगले चुनाव में दोनों दलों को एंटी इनकंबेंसी का सामना करना पड़ेगा. चेहरों के साथ ही संगठन और सरकार के कामकाज पर भी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं दोनों दलों में उभर रहे असंतोष और टकराहट को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि एमपी की राजनीति आज ताजगी की बाट जोह रही है।

# विधानसभा चुनावः मध्यप्रदेश और छग में पूरी ताकत झोंकती भाजपा



**-अरुण पटेल**

छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने और मध्यप्रदेश में अपनी उधार के सिंदूर से बनी सत्ता को बचाने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंकने का मन बना लिया है और उसके राष्ट्रीय नेताओं के तूफानी चुनावी दौरे आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। कांगेस पर तीखा शाब्दिक हमला बोलते हुए भाजपा एक ऐसा मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की फिराक में है जिससे लगे कि कांग्रेस उससे चुनावी लड़ाई में पिछड़ गई है। लेकिन कांग्रेस भी गफलत में नहीं है और वह पूरी ताकत से अपनी चुनावी बिसात बिछाने लगी है। दोनों ही राज्यों में इस साल के अन्त में विधानसभा चुनाव होना हैं।

एक जुलाई को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नक्सल प्रभावित जिले कांकेर में पार्टी के नेताओं से मुलाकात करेंगे तथा केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए वे एक आमसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इनके अलावा अमित शाह और जे. पी. नड्डा भी जुलाई माह में ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दुर्ग का दौरा प्रस्तावित है और वे 7 अगस्त को दुर्ग जिले का दौरा कर सकते हैं और उस दिन छत्तीसगढ़ के पहले आईआईटी का उद्घाटन भी किया जा सकता है। भाजपा इन दिनों दोनों राज्यों में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। हर जिले में एक बड़ा कार्यक्रम करने की भाजपा की योजना है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले से ही यहां पर भाजपा को हाशिए पर रखने में सफल रहे हैं। भाजपा के जो भी पसंदीदा मुद्दे हो सकते थे उन सभी पर एक-एक कर उन्होंने अमल आरंभ कर दिया है। इस कारण भाजपा के पास यहां कोई खास मुद्दा नहीं बचा है और उसे नये सिरे से भूपेश बघेल सरकार की कथित विफलताओं को लेकर अपने पक्ष में वातावरण बनाना होगा, उसे भरोसा है कि इसमें राष्ट्रीय नेताओं के दौरे संजीवनी का काम करेंगे।

जहां तक मध्यप्रदेश का सवाल है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को भोपाल आ रहे हैं और वह इसके बाद आदिवासी प्रधान जिले शहडोल भी जाने वाले हैं। वहां पर एक आदिवासी परिवार के घर पर प्रधानमंत्री मोदी भोजन करेंगे । राजधानी भोपाल से वह बूथ कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के गुर इस अभियान के तहत बतायेंगे, जिसका नाम होगा 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' । मध्यप्रदेश में तो केंद्रीय नेताओं के आने-जाने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है। अमित शाह 22 जून को बालाघाट और 30 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी . नड्डा खरगोन आ रहे हैं और वे वहां एक आमसभा को भी सम्बोधित करेंगे। यहां पर भाजपा व कांग्रेस दोनों ही काफी पहले से चुनावी मोड में हैं।

भाजपा जहां रोज अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एड़ी-चोटी की ताकत लगा रही है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीधे जनता से जुड़ी घोषणाएं कर हितग्राहियों का वोट बैंक अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कमलनाथ यह कह रहे हैं कि अगली सरकार मेरे ही नेतृत्व में बनेगी और मैं पुरानी अघूरी घोषणाओं के साथ ही जो नये वायदे कर रहा हूं वह पूरे करुंगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी भी चुनाव प्रचार अभियान का जबलपुर में माँ नर्मदा के पूजन के बाद आगाज कर चुकी हैं। जो सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं उन्हें हर हाल में बनाये रखने के साथ 66 ऐसी सीटें जो कांग्रेस हारती रही है उन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि उसमें से कुछ पर पार्टी अपना कब्जा कर सके।

सामान्यत: राजनेता उन सीटों पर अपनी जिम्मेदारी लेते हैं जहां पार्टी मजबूत हो लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री सांसद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस की कमजोर और हारी हुई 66 सीटों की जिम्मेदारी ली है और वह इनमें से अधिकांश पर अपना दौरा पूरा कर चुके हैं। दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ को इन सीटों की विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। इन क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों से संपर्क कर दिग्विजय ने यह रिपोर्ट तैयार की है। इसमें इस बात का भी उल्लेख है कि किस सीट पर प्रमुख दावेदार कौन है।

कांग्रेस के अंदरुनी सूत्रों के अनुसार दिग्विजय की रिपोर्ट पर एक सप्ताह में सूक्ष्म विश्लेषण किया जायेगा और इसके साथ ही दावेदारों के नामों पर मुहर लगना आरम्भ हो जायेगी। कमलनाथ सर्वे के आधार पर टिकट देने के पक्षधर रहे हैं और वह दिग्विजय की रिपोर्ट तथा सर्वे के आधार पर एक महीने के अंदर इन हारी हुई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर सकते हैं। इस प्रकार कांग्रेस पहली बार प्रदेश में इतना पहले से अपनी परिपाटी के विपरीत न केवल मैदान में सक्रिय हुई बल्कि उम्मीदवारों को भी हरी झंडी दे रही है ताकि उन्हें पर्याप्त समय मिल सके। जिन विधायकों की जीत की अधिक संभावना है उन्हें भी क्षेत्र में काम करने के लिए कमलनाथ कह चुके हैं।

# बहुत कुछ बदलेगा समान नागरिक संहिता से

**-राकेश दुबे**

समान नागरिक संहिता को लेकर देश में राजनीतिक हलचल तेज है। हमारा देश भारत वैसे भी विविधताओं का देश है। विश्वास, संस्कृति व परंपराओं की विविधता मूल में है। इस मुद्दे को लेकर राजनीति भी जमकर होती रही है। भारत में समान नागरिक संहिता पर विधि आयोग ने जैसे ही प्रक्रिया शुरू की, राजनीति फिर तेज हो गई है । समाज दो हिस्सों में बंटता दिख रहा है । एक पक्ष इसके समर्थन में है और दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जहां समान नागरिक संहिता जैसे कानून लागू हैं। इस सूची में विकसित और आधुनिक देश भी शामिल हैं।

इन देशों की लंबी सूची है। इनमें अमेरिका, आयरलैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र, जैसे कई देश शामिल हैं, जो समान नागरिक संहिता को मानते हैं। इन देशों में सभी धर्म के लोगों के लिए एक समान कानून होता है। खास बात इन देशों में भारत की तरह किसी विशेष धर्म या समुदाय के लिए उनका अपना कानून नहीं है।

यूरोप के कई ऐसे देश हैं, जो एक धर्मनिरपेक्ष कानून को मानते हैं। वहीं, इस्लामिक देशों में शरिया कानून को मानते हैं, वहाँ अन्य नागरिकों के लिए अलग कानून नहीं है। ऐसे देशों में सभी पर एक कानून ही लागू होता है।

इसके पूर्व भी विधि आयोग ने 2016 में समान नागरिक संहिता पर लोगों से राय मांगी थी। आयोग ने 2018 में अपनी रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने जब रिपोर्ट जारी की तो उस वक्त कहा गया कि भारत में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता नहीं है। भारत के गोवा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू है। गोवा को विशेष राज्य का दर्जा मिलने के साथ-साथ राज्य में समान नागरिक संहिता भी लागू है। संसद से गोवा को ऐसा अधिकार दिया गया था कि वह पुर्तगाली सिविल कोड लागू कर सकता है। गोवा में सभी धर्मों के लोगों के लिए एक समान कानून है। गोवा में शादी या तलाक कोर्ट या रजिस्ट्रेशन द्वारा ही कानूनी तौर पर मान्य होता है। गोवा को छोड़कर पूरे भारत में हिंदू, इस्लाम और ईसाई धर्म के लिए अलग-अलग कानून है।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में बढ़ रहा है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुसार, समिति 30 जून के आसपास ड्राफ्ट को सरकार को सौंपने की तैयारी कर रही है। प्रदेश सरकार इसके आधार पर राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करेगी।

वैसे भाजपा के एजेंडे में शामिल इस मुद्दे को कांग्रेस समेत कई दल ध्रुवीकरण की कोशिशों के रूप में देख रहे हैं। विधि आयोग की हालिया पहल ने इस मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। आयोग ने देश के हर नागरिक को इस बाबत अपने विचार प्रस्तुत करने का अधिकार दिया है। उल्लेखनीय है कि भारत का संविधान तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान भी समान नागरिक संहिता का मुद्दा खासी चर्चा में रहा था। तब भरोसा जताया गया था कि इस लोकतांत्रिक देश में कालांतर में समान नागरिक संहिता लागू करने को मूर्त रूप देने का अवसर आएगा। दरअसल, तब संविधान सभा के कई दिग्गज इसके पक्ष में थे, लेकिन भारतीय समाज की जटिलता और तत्कालीन संवेदनशील स्थिति के चलते इस पर निर्णायक फैसला नहीं हो सका था।

स्वतंत्र भारत में कई बार संसद व विधानसभाओं में इस मुद्दे पर खूब चर्चा होती रही। अब इसी कड़ी में व्यापक आधार रखने वाले धार्मिक संगठनों की इस मुद्दे पर राय मांगी गई है। दरअसल, इस जटिल विषय पर समान संहिता बनाना ही अंतिम हल नहीं है, उसका क्रियान्यवन भी उतना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अलग-अलग धार्मिक समूहों को साथ लेकर आगे बढ़ना आसान भी नहीं होगा। फिर अगले साल होने वाले आम चुनाव व इस साल के अंत तक कई महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मामले के सरगर्म रहने के आसार हैं।

सवाल विधि आयोग द्वारा इस जटिल मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श को लेकर दिए गए समय को लेकर भी है। कुछ लोगों का मानना है कि सारे देश में व्यापक विमर्श के बाद ही इस संवेदनशील मुद्दे पर आगे बात की जानी चाहिए। वैसे विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल इस मुद्दे को ध्रुवीकरण के हथियार के रूप में प्रयोग कर सकता है। इस कयास की एक वजह यह है कि भाजपा के दो प्रमुख एजेंडे- राम मंदिर व अनुच्छेद 370 को हटाने के लक्ष्य हासिल किये जा चुके हैं। वहीं देश में यह बहस पुरानी है कि व्यक्तिगत कानून में व्याप्त विसंगतियों को दूर करके एक देश, एक कानून की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जाये।

वैसे किसी भी सभ्य समाज व लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों के लिये समान कानून के प्रावधान एक आदर्श स्थिति है, लेकिन भारतीय समाज की कई तरह की जटिलताएं इसके मार्ग में बाधक बनी रही हैं। निस्संदेह, देश की एकता व सद्भाव का वातावरण भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी सभ्य समाज में कानून का निर्धारण धार्मिक आधार के बजाय तार्किक व समय की जरूरत के हिसाब से ही होना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि समाज में बहुमत व अल्पमतों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# बेसिक फोन से भी हो सकेगा डिजिटल पेमेंट....बिना इंटरनेट के ऑनलाइन पेमेंट सुविधा के लिए आबीआई करने जा रहा है ये उपाय



न्यू दिल्ली। शहरों की तरह ग्रामीण इलाकों में भी कैश की जगह डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) यूपीआई पेमेंट सिस्टम के लिए एक यूनिफाइड आईवीआर नंबर जारी करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इस सिस्टम के लागू होने पर लोग इंटरनेट के बिना भी अपने बेसिक फोन से भी डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे। आरबीआई का मानना है कि इससे ग्रामीण इलाकों में लगने वाले हाट-बाजार में डिजिटल पेमेंट के उपयोग में तेजी आएगी। अभी समस्या यह है कि ग्रामीण अंचल में स्मार्ट फोन की तुलना में बेसिक फोन बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जाते हैं। लेकिन इनमें पेटीएम, फोन पे जैसे यूपीआई के एप इंस्टाल नहीं किए जा सकते। इस कारण बेसिक फोन रखने वाले लोग डिजिटल पेमेंट नहीं कर पाते। इस समस्या के समाधान के लिए नंबर आधारित आईवीआर सिस्टम लागू करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

**क्या है आईवीआर पेमेंट सिस्टम** : यह डिजिटल पेमेंट की ऐसी खास सर्विस है जिसमें किसी बेसिक या फीचर फोन से भी बगैर इंटरनेट यूपीआई का इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां बेसिक फोन का मतलब बटन वाले मोबाइल फोन से है जो इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी चलता है। देश के ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग खासकर बुजुर्ग और कम पढ़े-लिखे लोग बातचीत के लिए बेसिक फोन का ही उपयोग करते हैं। आरबीआई ऐसे लोगों को भी लेनदेन के लिए कैश पेमेंट के बजाय डिजिटल पेमेंट के लिए यूपीआई सुविधा के दायरे में लाना चाहता है। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया पहले 4 सर्विस लांच कर चुका है। लेकिन इस सर्विस के लिए अभी कोई एकीकृत (यूनिफाइड) नंबर नहीं होने से इसके उपयोग में मुश्किलें आ रही हैं। इनके समाधान के लिए ही आरबीआई एक यूनिफाइड आईवीआर नंबर लाने पर विचार कर रहा है।

**कैसे काम करता है बेस्ट पेमेंट सिस्टम**: डिजिटल पेमेंट की इस सर्विस के लिए फोन में इंटरनेट की जरूरत नहीं पड़ती। इस सर्विस में तीन स्टेप में काम होता है। पहला- कॉल करें, दूसरा- चयन करें और तीसरा- भुगतान करें। फीचर फोन में यह सर्विस शुरू करने के लिए ग्राहक को पहले अपना बैंक खाता इससे जोड़ना होता है। इसके बाद अपने डेबिट कार्ड की मदद से यूपीआई पिन बनाना होता है। एक बार पिन बन जाए तो फीचर फोन रखने वाला व्यक्ति भी स्मार्टफोन की तरह उससे डिजिटल ट्रांजैक्शन कर सकता है। इसके लिए व्यक्ति को आईवीआर पर कॉल करनी होगी और अलग-अलग सर्विस जैसे कि मनी ट्रांसफर, एलपीजी गैस रीफिल, फास्टैग रिचार्ज, मोबाइल रिचार्ज, बैलेंस चेक आदि को सेलेक्ट करना होगा। इसके लिए अलग-अलग सेवा के लिए अलग-अलग आईवीआर नंबर होगा।

**पैसा ट्रांसफर से लेकर खरीददारी का भी पेमेंट संभव** : अपने बैंक खाते से पैसा ट्रांसफर करने के लिए जिस व्यक्ति को पैसा भेजना है, उसका फोन नंबर सेलेक्ट करना होगा, इसके बाद अमाउंट दर्ज कर यूपीआई पिन सबमिट करना होगा। डिजिटल पेमेंट के लिए वॉयस कॉल की भी सुविधा मिलती है। यह सर्विस कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इसका उपयोग सिर्फ फीचर फोन का उपयोग करने वाले ही नहीं बल्कि स्मार्टफोन यूजर कर सकेंगे। इस सर्विस में खरीदारी के बिल की राशि का भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकता है। इसके लिए ग्राहक के पास एक फोन कॉल आएगा जिसमें अपना यूपीआई पिन दर्ज करने को कहा जाएगा। इसके बाद पिन डालते ही चाही गई राशि ट्रांसफर हो जाएगी।

**पीएनबीआधारित पेमेंट सर्विस उपलब्ध कराने वाला पहला बैंक** : आरबीआई का पहल पर कदम उठाते हुए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने हाल ही में आईवीआर-आधारित यूपीआई पेमेंट सर्विस शुरू की है। इस तरह अपने बेसिक फोन उपयोग करने वाले ग्राहकों को यह सेवा उपलब्ध कराने वाला पीएनबी पब्लिक सेक्टर का पहला बैंक बन गया है। पीएनबी मैनेजमेंट का दावा है कि उसकी छोटे शहरों और ग्रामीण शाखाओं के ग्राहक तेजी से क्ष्ठ 123क्ष्ठ ढ्ढ्ढक्रसेवा को अपना रहे हैं। बैंकिंग सेक्टर के जानकारों का कहना है कि बेसिक फोन से डिजिटल पेमेंट के लिए सभी बैंकों का एक यूनिफाइड आईवीआर नंबर जारी होने पर ग्रामीण इलाकों में यह सेवा बहुत तेजी से लोकप्रिय होगी।

## कियारा आडवाणी गैलेक्सी चॉकलेट्स की ब्रांड एम्बेसडर बनीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बॉलिवुड नायिका और सुपरस्टार कियारा आडवाणी को ग्लोबल कन्फेक्शनरी ब्रांड, मार्स रिगली के ग्लोबल ब्रांड, गैलेक्सी चॉकलेट्स का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। कंपनी ने इस प्रतिभाशाली भारतीय अभिनेत्री के साथ इस गठबंधन की घोषणा उनके ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर एक टीज़र वीडियो के साथ की। घोषणा के बाद एक टीवीसी चलाया गया, जिसमें कियारा गैलेक्सी चॉकलेट की स्मूथनेस महसूस करते हुए हर बाईट में इसका पूरा आनंद ले रही हैं।अपने इस गठबंधन के बारे में वरुण कंधारी, डायरेक्टर मार्केटिंग, मार्स विगली इंडिया ने कहा, ''हमें कियारा को भारत में अपने लोकप्रिय ब्रांड गैलेक्सी चॉकलेट का चेहरा बनाने की खुशी है। उनकी खूबसूरती व आकर्षण ब्रांड के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करते हैं। कियारा आडवाणी के साथ इस नए कैम्पेन में हम गैलेक्सी चॉकलेट्स का आनंद पेश कर रहे हैं, जो इसकी सिग्नेचर स्मूथ रेसिपी से मिलता है। अपने इस गठबंधन और पोर्टफोलियो द्वारा हम गैलेक्सी चॉकलेट्स को लगातार भारतीय उपभोक्ता के दिल उतार रहे हैं। इस नई प्रगति के साथ हम गैलेक्सी चॉकलेट के प्रेम को और ज्यादा मजबूत करना चाहते हैं क्योंकि यह प्रतिष्ठित चॉकलेट ब्रांड अपने स्मूथ अनुभव के लिए पूरे विश्व में पसंद किया जाता है।

## कामधेनू पेन्ट्स ने आयोजित की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट

**गुरुग्राम।** उच्च गुणवत्ता के पेन्ट व इमल्शन निर्माता और कामधेनू ग्रुप के ब्रांड कामधेनू पेन्ट्स ने अपने चैनल पार्टनरों के लिए दो दिवसीय 'कामधेनू सेंसेशनल बॉलीवुड नाइट (केएसबीएन 2)' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य है उन्हें उनके शानदा प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना और नई ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करना। पेन्ट कारोबार के डिमर्जर के बाद यह पहली तथा कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट है। देश भर से आए 800 से अधिक डीलरों ने अपने परिवारों के साथ इस आयोजन में शिरकत की। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर और बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता राजकुमार राव ने असाधारण प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनरों को पुरस्कार भेंट किए। विभिन्न प्रकार के गेम्स, संगीत और खानपान के साथ इस वर्ष के आयोजन में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए कुछ न कुछ अवश्य था। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम और उनके संग राहुल वैद्य ने अपनी गायकी से वहां मौजूद हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर सेलिब्रिटी जैकलीन फर्नान्डिस और रकुलप्रीत सिंह ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई और उनकी मौजूदगी से उपस्थित जन बहुत खुश हुए। जितेश चावला ने अपने जोक्स व मिमिक्री से लोगों को खूब हंसाया। दुनिया भर में जानेमाने डांस समूहों डांस स्मिथ और एमजे5 ने अपनी कमाल परफॉर्मेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कामधेनू पेन्ट्स के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने चैनल पार्टनर्स मीट के बारे में कहा, ''कामधेनू ग्रुप अपने हर चैनल पार्टनर को कामधेनू परिवार के अभिन्न सदस्य की तरह मानता है।

## मनोरम कहानियों की दुनिया में शामिल हो जाएं अनमिसेबल शोज का स्ट्रीमिंग प्लेयर पर

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे वीकेण्ड नजदीक आ रहा है, ठंडी ठंडी बारिश की बूंदों के शांत गड़गड़ाहट के साथ कुछ मनोरम कहानियों का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाएं। रोमांच से नाट्य तक कई प्रकार के कॉन्टेन्ट के साथ एमएक्स प्लेयर अपनें दर्शकों के लिए इस अद्भुत मान्सून के मौसम में कुछ अविस्मरणीय देखने के अनुभव की गारंटी देता है। धारावी की छोटी गंदी गलियाँ, खुले गटर और तंग झोपडीयों को दर्शाते हुए यह सीरीज एक पुलिस वाले की कहानी है, जो मुंबई में अपनी समांतर सरकार चलानेवाले एक शक्तिशाली गैंगस्टर को गिराने की कोशिश कर रहा है। अपना परिवार और देश के प्रति अपनें कर्तव्य के लिए कोई किस हद तक जा सकता है इस पर रोशनी डालते हुए धारावी बैंक एक जटिल कहानी दर्शाती है। इस में भरपूर नाट्य, भावना है और यह परिवार, सम्मान और कर्तव्य की लडाई है। लेकिन आखिर में जीत किसकी होगी इस सीरीज में निर्मम थलैवन के रूप में सुनील शेट्टी है और उनके सामने एक कठिन पुलिसवाले के रूप जेसीपी जयंत गावस्कर का किरदार निभा रहे है विवेक आनंद ओबेरॉय। प्रकाश झा द्वारा निर्देशित 'आश्रम' एक ऐसे बाबा की कहानी है जिसने काशीपुर के सभी लोगों के दिमाग पर काबू पा लिया है और खुदको भगवान की जगह पर पहुँचा दिया है।

## इन्फिनिक्स नोट 30 5जी अपने सेगमेंट में है सबसे अच्छा 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मशहूर स्मार्टफोन ब्रांड, इन्फिनिक्स ने टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में अपनी सबसे नई पेशकश, नोट 30 5जी स्मार्टफोन का अनावरण किया है। इससे पहले इसका 5जी स्मार्टफोन मॉडल, नोट 12 प्रो 5जी भी बहुत सफल रहा था। यह नया स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट पर 22 जून से उपलब्ध होगा और इसे ''अपनी श्रेणी में अल्टीमेट 5जी डिवाईस'' कहा जा रहा है। इसके अनेक विशेषताएं हैं, जिसमें अत्याधुनिक हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरा, मनोरंजन का बेहतरीन अनुभव, विशाल स्टोरेज क्षमता, और तीव्र एवं सुरक्षित चार्जिंग की क्षमताएं, प्रीमियम डिज़ाईन आदि शामिल हैं। अपनी इन्हीं खूबियों की वजह से यह इस सेगमेंट में अन्य स्मार्टफोंस से अलग है। नोट 30 5जी 14 5जी बैंड्स को सपोर्ट करता है और इसका मूल्य 8 जीबी .128 जीबी और 16जीबी .256 जीबी वैरिएंट्स के लिए क्रमशः 13,999 रु. और 14,999 रु. है। इस लॉन्च के बारे में श्री अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, ''इन्फिनिक्स में हम अपनी टेक्नॉलॉजी और उत्पादों में निरंतर इनोवेशन के साथ अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन्फिनिक्स नोट सीरीज़ हमारे यूज़र्स को उत्पाद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती आई है, और हमारे ब्रांड को नए आयामों पर ले जा रही है। नोट 30 5जी के साथ हम उद्योग में 15,000 से 20,000 मूल्य के वर्ग में बेहतरीन उत्पादों की कमी को पूरा करना चाहते हैं। नोट 30 5जी के साथ हम शानदार टेक्नॉलॉजिकल फीचर्स प्रदान कर रहे हैं, जिसमें बायपास और एआई स्मार्ट चार्जिंग मैकेनिज़्म जैसी अत्याधुनिक तकनीके हैं, जो लोगों को अपने दैनिक उपयोग में, खासकर गेमर्स के लिए बैटरी की चिंता को दूर कर देगा।

## अब सन लाइफ ग्लोबल सॉल्यूशंस के नाम से जानी जाएगी अग्रणी जीसीसी सन लाइफ एशिया सर्विसेज सेंटर्स

**गुरुग्राम, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर अग्रणी इंश्योरेंस एवं एसेट मैनेजमेंट फर्म सन लाइफ की इकाईसन लाइफ एशिया सर्विस सेंटर्स (एएससी) ने अपनी पहचान को बदलकर सन लाइफ ग्लोबल सॉल्यूशंस (एसएलजीएस) किया है। इस रणनीतिक कदम का लक्ष्य कंपनी के वैल्यू प्रोपोजिशन को बेहतर करना और सन लाइफ के बिजनेस ग्रुप्स के साथ गठजोड़ को और मजबूती देना है। अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्य के अनुरूप एसएलजीएस की तैयारी अगले दो साल में करीब 1000 नई प्रतिभाओं को नियुक्त करने की है। इस विस्तार से भारत और फिलीपींस में कुशल प्रतिभाओं के समक्ष सन लाइफ के साथ जुड़ने और अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अच्छा मौका है। नए नाम सन लाइफ ग्लोबल सॉल्यूशंस (एसएलजीएस) से कंपनी डेवलपिंग सॉल्यूशंस, एक्सपीरियंस और इनोवेशन के माध्यम से पड़ने वाले वैश्विक प्रभाव की झलक दिखती है। इस रणनीतिक बदलाव के साथ एसएलजीएस स्वयं को टेक्नोलॉजी, ऑपरेशंस एवं क्लाइंट केयर सेंटर के लिए टैलेंट हब के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत करेगी। इसी के साथ कंपनी एक्चुअरियल, फाइनेंस सर्विसेज, लीगल सर्विसेज, रिस्क एंड कंप्लायंस मॉनिटरिंग के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता पर भी फोकस करेगी। सन लाइफ अपने ग्राहकों के लिए उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए उज्जवल, आशावादी भविष्य बनाने में मदद करने में कंपनी को गर्व का अनुभव होता है।

## एविएशन हिस्ट्री का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर: इंडिगो ने 500 एयरबस प्लेन खरीदने के लिए की मेगा डील




न्यू दिल्ली। इंडिगो ने 500 एयरबस प्लेन खरीदने केलिए मेगा डील की है। रिपोर्ट्स के अनुसार इंडिगो बोर्ड की तरफ से 50 से 55 अरब डॉलर का एयरक्राफ्ट खरीदने की मंजूरी दे दी गई है। इस मंजूरी के बाद इंडिगो सबसे बड़ी एयरक्राफ्ट डील करने वाली कंपनी बन गई है। विमानन कंपनी की ओर से डील की जानकारी देते हुए कहा गया है कि इंडिगो ने 500 एयरबस ए-320 फैमिली विमानों का ऑर्डर दिया है।

**एविएशन के इतिहास की सबसे बड़ी डील**: आपको बता दें कि इंडिगो भारत की शीर्ष लो-कॉस्ट एयरलाइन है और वो इस बड़े सौदे के लिए करीब 50 से 55 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी। इससे पहले टाटा ने 470 यात्री विमान खरीदने के लिए बोइंग और एयरबस विमान बनाने वाली कंपनियों के साथ करार किया था। उस डील पर भी एशिया, अमेरिका और यूरोप में खुशी जाहिर की जा रही है।

**2030 के बाद भारत पहुंचेंगे ये विमान**: एयरबस के बॉस गैलम फॉरी ने इस सौद को एक बड़ा मील का पत्थर बताते हुए कहा है कि शायद ही इतना बड़ा सौदा कभी किसी ने किया हो। उधर इंडिगो से एक प्रेस बयान जारी करते हुए डील की जानकारी दी है।

**पेरिस में लगी सौदे पर मुहर**: इस डील ने दुनिया के सबसे बड़े ए-320 फैमिली ग्राहक के रूप में इंडिगो को स्थापित किया है। पेरिस एयर शो 2023 के दौरान इंडिगो के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया, इंडिगो के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक डॉ वेंकटरमणी सुमंत्राण, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स, एयरबस के सीईओ गुइलाउम फाउरी और एयरबस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख क्रिश्चियन शेरर ने ऐतिहासिक खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**300 विमानों के साथ ऑपरेट करती है इंडिगो:** एयरलाइन की तरफ से कहा गया है कि इस ऑर्डर के साथ अगले दशक में उसकी तरफ से मिलने वाली विमानों की कुल संख्या 1000 हो जाएगी। इन विमानों की डिलिवरी 2030 से 2035 के बीच होगी। इंडिगो की ओर से ऑर्डर किए गए विमानों में,-320 नियो,-321 नियो और-321 एक्सएलआर शामिल हैं। बता दें कि वर्तमान में इंडिगो 300 विमानों के साथ ऑपरेट करती है। विमानन कंपनी ने पूर्व में 480 विमानों का ऑर्डर दे रखा है। इन विमानों की डिलिवरी होनी अभी बाकी है। बता दें कि इससे पहले टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने एयरबस और बोईंग के साथ 470 विमानों की खरीदारी का करार किया है।




भोपाल। राजधानी में राष्ट्रीय योग ओलमिपयाड वसुधैव कुटुम्बकम के लिए तीन दिवसीय योग का आयोजन किया गया।

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और मप्र सरकार के बीच समझौता ज्ञापन

## हस्ताक्षर, प्रदेश में एसएमई के लिए धन जुटाने की सुविधा को बढ़ाने का मकसद

मुंबई , एजेंसी। देश के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और मध्य प्रदेश सरकार ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म - इमर्ज का उपयोग करके आईपीओ तंत्र के माध्यम से फंड जुटाने के लिए राज्य के एमएसएमई के बीच जागरूकता फैलाने के संबंध में किया गया है।

19 जून 2023 को भोपाल में मध्य प्रदेश सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इसके तहत मध्य प्रदेश सरकार के समर्थन से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जागरूकता अभियान चलाएगा और इस सिलसिले में सेमिनार, एमएसएमई शिविर, नॉलेज सेशन, रोड शो और कार्यशालाओं का आयोजन करेगा, ताकि एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर फंड जुटाने के लिए राज्य भर के कॉरपोरेट्स का मार्गदर्शन किया जा सके और स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने से संबंधित हर कदम पर उन्हें सहायता प्रदान की जाए।

मध्य प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के सचिव एवं आयुक्त श्री पी. नरहरि ने कहा, ''माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में एमएसएमई सैक्टर को सपोर्ट करने के लिए हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। आज एमपी एमएसएमई समिट 2023 में, हमने अपने राज्य के एमएसएमई को प्रोत्साहित करने और समर्थन देने और विकास के अवसरों के लिए पूंजी बाजार को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे राज्य के एमएसएमई को एनएसई इमर्ज के माध्यम से निवेशकों के व्यापक समूह को अपना व्यवसाय दिखाने और पूंजी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी। एमओयू के एक भाग के रूप में, हम संयुक्त रूप से एमएसएमई के लिए जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे ताकि उन्हें फंड जुटाने की प्रक्रिया और स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के लाभों को समझने में मदद मिल सके।''

एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान ने कहा, ''आज भोपाल में आयोजित एमपी एमएसएमई समिट 2023 में, मध्य प्रदेश सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एनएसई इमर्ज के माध्यम से एमएसएमई के विकास में सहयोग और सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएसई इमर्ज दरअसल एमएसएमई के लिए फंड जुटाने वाला एक वैकल्पिक प्लेटफॉर्म है। एनएसई इमर्ज एसएमई को कुशल तरीके से पूंजी जुटाने में सक्षम बनाता है और साथ ही स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग के माध्यम से उनकी मौजूदगी को बढ़ाने में सक्षम बनाता है। हम सरकार के सहयोग से राज्य के एमएसएमई के लिए जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे और फंड जुटाने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। हम राज्य के एमएसएमई से आगे आने और एनएसई इमर्ज के माध्यम से फाइनेंसिंग के नए स्रोत का लाभ उठाने का आग्रह करते हैं।''

आज तक, एनएसई के एसएमई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर विभिन्न क्षेत्रों की 325 कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं। अब तक प्लेटफॉर्म पर जुटाई गई कुल धनराशि 5,621 करोड़ रुपए से अधिक है।

## केएफसीकेऑल-न्यूस्नैकररेंज 99 रुपए के साथफैंसनेकहा ''बचगए''!




नई दिल्ली, एजेंसी। अनबिलीवेबल है न! अब ऑल-न्यू केएफसी स्नैकररेंज आपकी जेब पर बिल्कुल भी भारी नहीं पड़ेगी। नई लॉन्च की गई केएफसी स्नैकर रेंज केएफसी का लोकप्रिय स्वाद केवल 99 रु. में लेकर आई है। केएफसी की यह नई पेशकश स्नैकिंग का परफेक्ट विकल्प है, जिसके साथ हर बार आप यही कहेंगे कि पैसे ''बच गए''।

यहाँ मिलेंगे क्लासिक मेन्यू आईटम्स जैसे चिकन लॉन्गर, वेज लॉन्गर, क्लासिक चिकन रोल, रेगुलर चिकन पॉपकॉर्न, और क्रशर, चोको लावा, फ्राइज़ एवं पेप्सी केवल 99 रु. में। तो आपको चाहे लाईट ईवनिंग स्नैक लेना हो या फिर वीकेंड पर दोस्तों के साथ बैठकर बात करते हुए क्विक बाईट, या फिर लैक्चर्स के बीच कुछ खाना हो, आपको स्नैकर्स डील केवल 99 रु. में मिलेगी।केएफसी की हर चीज केएफसी के 5एक्स सुरक्षा प्रॉमिज़ - सैनिटाईज़ेशन, स्क्रीनिंग, सोशल डिस्टैंसिंग, और वैक्सीनेटेड टीमों द्वारा कॉन्टैक्टलेस सर्विस के साथ उपलब्ध होती है। सभी सतहों और स्पर्श में आने वाले हिस्सों को नियमित रूप से सैनिटाईज़ किया जाता है, तथा टीम के सदस्यों और राईडर्स का तापमान नियमित तौर पर लेकर उनकी जाँच की जाती है।

तो स्नैक के लिए तैयार हो जाईये और अनबिलीवेबल मूल्यों में केएफसी स्नैकर रेंज के साथ चिल कीजिए। सभी केएफसी रेस्टोरैंट्स से केवल 99 रु. में ऑर्डर करें, और डाईन इन करें या टेकअवे में ले जाएं।

## बढ़ते हवाई किराए पर चिदंबरम का तंज, कहा- एकाधिकार पूंजीवाद पर दुनिया के लिए भारत विश्वगुरु होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बढ़ते हवाई किराए को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुक्त बाजारों में जब मांग बढ़ेगी तो आपूर्ति बढ़ेगी, लेकिन भारत के मुक्त बाजार में जब मांग बढ़ेगी तो कीमतें बढ़ेंगी। बढ़ते हवाई किराए पर ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर रही है।

चिदंबरम ने एक ट्वीट में कहा, विस्तारा और एयर इंडिया के दिल्ली-चेन्नई बिजनेस क्लास के लिए हवाई टिकट क्रमशः 6,300 रुपये और 5,700 रुपये के उचित मूल्य पर निर्धारित किए गए हैं। उफ्फ, क्षमा करें, वे क्रमशः 63,000 रुपये और 57,000 रुपये के बहुत उचित मूल्य पर निर्धारित हैं। उन्होंने कहा, मुक्त बाजारों में जब मांग बढ़ेगी तो आपूर्ति बढ़ेगी। लेकिन भारत के मुक्त बाजार में जब मांग बढ़ेगी तो कीमतें बढ़ेंगी। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि एयरलाइंस अपने मार्गों का विस्तार करेंगी, पुराने मार्गों पर उड़ानें कम करेंगी और कीमतें बढ़ाएंगी। बता दें कि हाल के सप्ताहों में कुछ मार्गों पर हवाई किराए में वृद्धि हुई है, ऐसा मुख्य रूप से क्षमता की कमी और संकटग्रस्त गो फर्स्ट द्वारा संचालन के निलंबन के कारण हुआ है।

## पिडिलाइट के प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफने उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया

### -अभियान टाइल फिक्सिंग के पुराने तरीकों के मुकाबले रॉफकी मजबूती को सामने लाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**। पिडिलाइट, कंस्ट्रक्शन और स्पेशिलिटी कैमिकल्स के प्रमुख निर्माता ने टाइल फिक्सिंग के लिए पुराने विकल्पों की बजाए अपने प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफकी 'मगर की जकड़' जैसी मजबूती को लेकर नया उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये कैम्पेन सीमेंट सहित पारंपरिक टाइल फिक्सिंग प्रोसेस के परिणामस्वरूप टूटी हुई टाइलों, डिबॉन्डिंग, गिरने वाली टाइलों और ऊबड़-खबड़ लगी टाइलों के साथ ग्राहक की हताशा को भी सामने लाएगा। इसमें साफदिखाया गया है कि गलत टाइल लगाने के कारण ग्राहक लगातार परेशानियों का सामना करता है।

पिछले कुछ दशकों में टाइलों के उपयोग में काफी तेजी से बदलाव आया है, और पारंपरिक टाइल फिक्सिंग विधियों का पालन करना आज के ग्राहकों की उभरती जरूरतों के अनुरूप नहीं हो सकता है।




दरअसल, सिरेमिक टाइलों के पीछे मिट्टी की सतह होती है जो सीमेंट के साथ अच्छी तरह से बंध जाती है, विट्रीफाइड टाइलें, जो आज सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली टाइलें हैं, के पीछे एक चिकनी, सपाट और बिना किसी छेदवाली सतह होती है जो अकेले सीमेंट के साथ मजबूती से बंध पाना मुश्किल होता है। साथ ही अलग अलग जगहों पर लगने वाली टाइल का आकार भी बड़ा होता जा रहा है। टाइल लगाने की पारंपरिक विधि उनकी पकड़ की ताकत को काफी कम कर देती है। लगातार बेहतर होती मॉडर्न टाइलों और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने के लिए हाई पावर एडहेसिव्स की आवश्यकता होती है जो सही फिक्सिंग के लिए समान रूप से फैलते हैं।

इसके अलावा, अधिकांश अन्य फिक्सिंग एजेंट पानी से सुरक्षित होते हैं और उनमें नमी काफी तेजी से वाष्पीकरण होकर उड़ जाती है। नतीजे में वे जल्दी टूट जाती है और मौसम में लगातार बदलाव के चलते वे अपनी पकड़ खो देते हैं और उखड़ने लग जाते हैं। हालांकि, रॉफएडहेसिव्स मौसम के अनुसार कैमिकली रिएक्ट करते हैं और इसलिए वे मौसम में आने वाले बदलावों से भी प्रभावित नहीं होते हैं।

इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने उपभोक्ताओं को इस संबंध में हर जानकारी प्राप्त कर सही विकल्प चुनने में मदद करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। रॉफटाइल एडहेसिव विशेष रूप से उन आम समस्याओं को कम करने और खत्म करने के लिए डिजाइन किए गए हैं जिनका सामना लोग टाइल लगाते समय करते हैं। रॉफटाइल एडहेसिव्स को हाई बॉन्ड स्ट्रेंथ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जिसके परिणामस्वरूप टाइलों को बेहतर फिक्सिंग और अधिक से अधिक समतल रखा जा सकता है।

## निम्न गुणवत्ता वाले कफ सीरप्स के कारण दुर्भाग्यपूर्ण मौतें

मंडीदीप , एजेंसी। बीते माह के अंत तक, यह बात सुर्खियों में रही कि किस प्रकार डब्ल्यूएचओ ने पंजाब में तैयार किए जा रहे कफ-सिरप्स के लिए उत्पादन-चेतावनी जारी की। इस तथ्य की पुष्टि सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने की है। इन कफ-सिरप्स में जहरीले डाईइथिलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल की अस्वीकार्य मात्रा पाई गई थी। इस घटना ने बीते वर्ष अक्टूबर में घटित ऐसी अन्य घटना की याद दिला दी, जब डब्ल्यूएचओ ने भारत में कई अन्य राज्यों से आने वाले कफ-सिरप्स के बारे में मेडिकल चेतावनी जारी की थी। ये कफ-सिरप्स वेस्ट-अफ्रीकी देश जाम्बिया में बच्चों की मौतों का कारण बने थे। भले ही ये प्रतिकूल घटनाएं सख्त कदम उठाने के प्रति सचेत करती हैं, लेकिन सरकार को आइसोप्रोपाइल अल्कोहल्स या आईपीए के प्रयोग के नियमों के लगातार उल्लंघन की ओर भी ध्यान देना चाहिए, जिनके बारे में सेक्शन-16 और दि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के दूसरे शेड्यूल में बताया गया है। आईपीए रंगहीन, ज्वलनशील और तेज गंध वाला विलायक द्रव (सॉल्वेंट) होता है। इसका व्यापक प्रयोग दवाइयां और दवाइयों के नुस्खे तैयार करने में किया जाता है। इनके अतिरिक्त, यह हैंड-सैनिटाइजर्स, एंटीसेप्टिक्स और डिस्इन्फेक्टेंट्स जैसे उत्पादों में भी प्रयोग किया जाने वाला सामान्य तत्व है। हालांकि, जिस प्रकार कफ-सिरप्स उत्पादक अवैध रूप से डाईइथिलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल का प्रयोग ग्लिसरीन और प्रोपाइलीन ग्लाइकोल के सस्ते विकल्प के रूप में कर रहे हैं, अन्य भारतीय दवा निर्माता भी नियमित रूप से सस्ते और आयातित आईपीए का प्रयोग कर रहे हैं। इस प्रकार के उत्पाद फार्माकोपिया मानकों में शामिल विभिन्न मापदंडों को पूरा नहीं कर पाते, जैसे यूवी अवशोषक परीक्षण (यूवी एब्सॉर्बेंस टेस्ट), असंतृप्त हाइड्रोकार्बन्स की पहचान और तेजी से कार्बन में बदले जा सकने वाले पदार्थ।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में चल रहे राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड 2023 में शामिल होकर पौधरोपण किया । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंपा के पांच पौधे रोपे। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, एनसीईआरटी के निदेशक प्रोफेसर दिनेश प्रसाद सकलानी साथ थे ।





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भोपाल के उत्तर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 15 हनुमान मंदिर टीला जमालपुरा में घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर पत्रक वितरित किए। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने मध्य विधानसभा के बूथ क्रमांक 180 ईश्वर नगर में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क किया।

## मप्र समेत 10 राज्यों में हीटवेव की आशंका

# अगले 15 दिनों में 16 से ज्यादा हिस्सों में बारिश होगी

**भोपाल/ नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश समेत 10 राज्यों में अगले दो दिन हीटवेव की आशंका है। इन राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी हीटवेव को लेकर आज 11:30 बजे एक हाई-लेवल मीटिंग करने वाले हैं। मानसून को लेकर एक अच्छी खबर ये है कि अगले 15 दिनों में देश के आधे से ज्यादा राज्यों में बारिश होने लगेगी। इसकी शुरुआत कुछ राज्यों में सोमवार से हो गई। दिल्ली, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाकों में बारिश हुई और दिन में बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान असम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पश्चिम मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। आज भी असम, मेघालय, सिक्किम और तमिलनाडु में भारी बारिश होने की आशंका है।



**इन राज्यों में हीटवेव की आशंका**: उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अलावा कुछ अन्य राज्यों में भी हीटवेव की आशंका है।

**इन राज्यों में बारिश का अनुमान**: बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में गंगा तट वाले हिस्से और उत्तर-पूर्वी 8 राज्यों में अगले 15 दिन में तेज और लगातार बारिश होने की आशंका है।

## नगर के वार्ड क्रमांक 13 एवं वार्ड क्रमांक 4 में विकास कार्य का भूमि पूजन



**रायसेन।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर 18 वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता की नगर के किसी ना किसी वार्ड में लोकार्पण एवं निर्माण कार्य का भूमि पूजन नहीं हुआ हो। विकास की इसी श्रंखला में सोमवार को 19 लाख की लागत से बनने वाले वार्ड क्रमांक 13 में आर सी सी रोड जो ताजपुर महल का भूमि पूजन नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि जमुना सेन द्वारा किया गया। वही वार्ड क्रमांक 4 में 3 लाख 46 हजार से निर्माण किए जाने वाली नाली का भी भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 में धन्नालाल उपाध्याय विष्णु महाराज राजू ठाकुर अशोक सोनी महेश लोधी नूतन कुशवाहा कुंजीलाल अहिरवार जीतू सेन कल महाराज सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी वहीं वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद दीपक थोरात हिम्मत सिंह राजपूत मधु राम मोहन बघेल राम नारायण राय भारत सिंह राय अशोक सोनी महेश लोधी कुंजीलाल अहिरवार सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ संभाग नर्मदापुरम् की संभागीय बैठक गैलेक्सी गार्डन इटारसी में संपन्न

**नर्मदापुरम।** जिसमें भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमान रामभरोस जी बसोतिया क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्रीमान महेश जी चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री योगेंद्र जी बापू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री मनमोहन जी व्यास संभागीय अध्यक्ष श्री सर्वज्ञ जी दीवान संभागीय मंत्री श्री विनोद जी पाटिल एवं हरदा नर्मदापुरम् बैतूल तीनों जिलों से आए हुए अध्यक्ष , मंत्री , उपाध्यक्ष , सहमंत्री, कोषाध्यक्ष, एवं 24 तहसीलों से आए हुए तहसील अध्यक्ष मंत्री उपाध्यक्ष सहमंत्री एवं तहसील प्रभारी जिसमें उपस्थित कार्यकर्ता 85 हुए आगामी होने वाले सदस्यता अभियान का लक्ष्य बैतूल जिले का 1लाख 11हजार नर्मदापुरम् 1 लाख 10हजार हरदा 1 लाख 5 हजार सदस्यता करने का लक्ष्य लिया गया है । कार्यकर्ता समर्पण निधि एवं बलराम जयंती , हरियाली अमावस्या ( वृक्षारोपण ) कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए श्री रामभरोष जी बसोतिया एवं महेश जी चौधरी जी का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ ।

# क़ीमती केपिटल भोपाल

मनोज मीक

इसी महिने की पहली तारीख़ को मनाये गए भोपाल गौरव दिवस के कुछ ही दिनों में राजधानी भोपाल के मकानों भूखंडों की क़ीमतों में बेहद तेज़ी देखी जा रही है. तेज़ी के कारणों की जड़ों पर पहुँचने पर पिछले दिनों सरकार के दो महत्वपूर्ण निर्णयों का प्रभाव नज़र आता है-

पहला है अवैधानिक रूप से बनी कालोनियथ्बें को काहे की अवैध कहा जाना, अवैध को वैध करने की घोषणा मात्र से इन कालोनियों के भूखंडों की क़ीमतें 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ गयीं हैं क्योंकि कहा गया कि अब इन्हें अवैध नहीं कहा जायेगा।

दूसरा है भोपाल का नया मास्टर प्लान 2031. किस भूमि पर कितना निर्माण किया जा सकेगा इस संबंध में एफएआर को तीन भागों में बाँट दिया गया जो मूल रूप से पूरे शहर में 1.25 हुआ करता था यानी हम सामान्य तौर पर 800 वर्गफीट के प्लाट पर 1000 वर्गफीट तक का मकान बना सकते थे, अब प्रस्तावित नये आवासीय क्षेत्रों में बेस एफएआर 0.25 कर दिया गया है




Table 2.1 FAR permissible in use zones

| Sr. No. | Use Zone | Code | Base FAR | TDR and Premium FAR | Total permissible FAR |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 1. | Residential general -1 | RG-I | 1.25 | 1.25 | 2.50 |
| 2. | Residential general -2 | RG-II | 1.25 | 1.25 | 2.50 |
| 3. | Residential General -3 | RG-III | 0.75 | 0.25 | 1.00 |
| 4. | Residential General-4 | RG-IV | 0.25 | 2.25 | 2.50 |
| 5. | Residential General -5 | RG-V | 0.06 | - | 0.06 |
| 6. | Transit Oriented Development Zone | TOD | Base FAR of the Use Zone | Total permissible FAR -(Minus) Base FAR of the Use Zone | 3.00 |
| 7. | Old City Zone | OC | 1.25 | 1.75 | 3.00 |
| 8. | Commercial Mixed Use Center 1 (MP Nagar) | CMU-1 | 2.50 | 0.50 | 3.00 |
| 9. | Commercial mixed use center 2 (New Market, Karond circle, Misrod) | CMU-2 | 2.00 | 1.00 | 3.00 |
| 10. | Commercial mixed use center 3 (Proposed commercial zones) | CMU-3 | 0.25 | 2.75 | 3.00 |
| 11. | Special Planning Zone (Bhopal Smart city) | SPZ1 | As per Bhopal Smart City Plan (Government Notification no. F 3-79/2018/18-5 and subsequent notifications) | | |
| 12. | Industries -1 | I1 | As per rule 48 of M.P Bhumi Vikas Niyam, 2012 (prevalent MP Bhumi Vikas Niyam) | | |
| 13. | Industries -2 | I2 | | | |
| 14. | Public Utilities and Facilities | PUF | 0.10 | 0 | 0.10 |
| 15. | Public and Semi Public | PSP | 1.00 | 1.50 | 2.50 |

यानी अब आप 800 वर्गफीट पर केवल 200 वर्गफीट निर्माण कर सकेंगे, अब ज़्यादा बनाने के लिये आपको प्रीमियम एफएआर प्रापर्टी के सरकारी मूल्य की आधी क़ीमत पर सरकार से ख़रीदना होगा, याद रहे भोपाल में प्रापर्टी का सरकारी मूल्य और बाज़ार मूल्य लगभग एक बराबर है. इसका असर यह हुआ है कि बाज़ार में उपलब्ध मकानों व भूखंडों की क़ीमतों में 20 प्रतिशत से 35 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है क्योंकि अब लागत बढ़ने के कारण आने वाली नयी वैध कालोनियों में रियायती दामों पर प्रापर्टी बेच पाना संभव नहीं होगा।

लगातार महँगी होती निर्माण सामग्री, भारी टेक्स, अनईजीनेस ऑफ डूइंग बिज़नेस और हाउसिंग इंवेन्टरी में हो रही कमी का असर क़ीमतों पर अतिरिक्त रूप से पड़ रहा है।

क़ीमतें बढ़ने का सीधा असर आशियाना तलाश रहे आम जनमानस पर पड़ा हैं, राष्ट्रीय औसत से कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्य की कम आमदनी वाली आबादी को महँगी राजधानी से पलायन के अलावा सिर्फ़ अवैध कालोनियों को अपनाने का विकल्प ही शेष है जहां किसी तरह की अनुमतियों अनुज्ञाओं की आवश्यकता नहीं होती।

जीआर1, जीआर 2, जीआर 3, जीआर4 क्या है? एफएआर सब का बढ़ाया है,जहां 0.25 था वहा 3 कर दीया है। ये कौनसा क्षेत्र है।



**भोपाल।** आज जी टी व्ही कॉम्प्लेक्स न्यू मार्केट भोपाल में मध्यप्रदेश कोरी कोली समाज का संयुक्त मोर्चा बना। समाज के विभिन्न संगठनों ने सर्व सम्मति से सेवा निवृत डीएसपी श्री एस के पंथी जी को अध्यक्ष चुना है। उक्त नाम का प्रस्ताव वरिष्ठ समाज सेवी आर डी पंथी ने प्रस्तावित किया। उपस्थित जन समुदाय ने सर्व सम्मति से सहमति व्यक्त कर चयन प्रक्रिया को मूर्तरूप दिया। श्री एस के पंथी जी को अध्यक्ष बनने पर सभी शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




संस्कृति बचाओ मंच ने लगाय भोपाल के कई मंदिरों में मर्यादित कपड़ों मैं मंदिरों में प्रवेश के बोर्ड आदर्श नगर का मंदिर अटल पथ काली मंदिर प्राचीन माता मंदिर खेड़ापति हनुमान मंदिर न्यू मार्केट शनि महाराज मंदिर न्यू मार्केट

# 3 दिन में अनुबंध नहीं कराया तो आवंटन निरस्त होगा, व्यापारियों में दहशत





**भोपाल।** विगत कुछ दिनों से न्यूमार्केट में निगम द्वारा 50-50 वर्ष पुराने दुकान आवंटियों को किरायेदारी का अनुबंध करवाने के लिए मात्र 3 दिन में अनुबंध करवाने अन्यथा आवंटन निरस्त करने की धमकी भरे पत्र बांट कर व्यापारियों में दहशत फैलाई जा रही थी।

इस सिलसिले में आज व्यापारियों की बैठक हुई , और उसके बाद सभी व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में निगम के जोनल कार्यालय पहुंचे और ज़ोन अधिकारी श्री अर्जुन मेघानी से मिले उनको डर न फैलाने के लिए ज्ञापन दिया और यह कहा कि 50 साल से अनुबंध नहीं हुआ तो इसमें निगम की भी गलती है आज 50 साल बाद निगम की नींद खुली है तो इसके लिए मात्र 3 दिन का समय देकर आवंटन निरस्त करने की लिखित चेतावनी देना ठीक नहीं है, संयम से काम लें, गलती आपकी भी है जो 500 आवंटियों के अनुबंध 50 वर्षों में भी नहीं हुए। अधिकारी मेघानी जी ने अब इस विषय में थोड़ी शिथिलता और संयम से कार्यवाही का आश्वासन व्यापारियों को दिया

इस विषय में व्यापारियों की मांग रही है कि कई दशकों से हम स्थाई किरायेदार हैं तो अनुबंध मात्र 3 वर्ष का नहीं 90, 60 या कम से कम 30 वर्षों का होना चाहिए। उपस्थित प्रमुख व्यापारियों में विजय खंडेलवाल, महेश कुकरेजा, हरीश ज्ञानचंदानी, मो इसरार, पलाश गर्ग, महेंद्र साहू, बाबू बजाज थे।

# विंध्य बीजेपी में जबरदस्त घमासान

## अब बीजेपी के सांसद ने कहा- वह तो कुछ भी भोंकते हैं, मैं न होता तो वे एमएलए ही नहीं बनते

**भोपाल।** विंध्य क्षेत्र के सतना जिले में बीजेपी के नेताओं की आपसी कलह बढती ही जा रही है। मैहर के बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी ने मंच से और मीडिया के सामने सांसद गणेश सिंह पर निशाना साधते हुए अनेक आरोप लगाए थे और उनकी तुलना रावण तक से कर दी थी । उन्होंने यह भी कहा था कि गणेश सिंह उनकी बजह से सांसद का चुनाव जीते। इस विवाद पर विराम लगने की जगह और फैल गया। अब गणेश सिंह भी खुलकर मैदान में आ गए। उन्होंने नारायण के बोलने को भौंकने की संज्ञा दी।



मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी की हुंकार का सतना सांसद गणेश सिंह ने उसी भाषा मे जबाब दिया। सांसद गणेश सिंह ने कहा नारायण कुछ भी भोंकते है, उनका काम हैं भौकना। सांसद गणेश सिंह ने कहाकि विधायक नारायण त्रिपाठिबकहते हैं कि उन्होंने मुझे सांसद बनाया, शायद वह भूल रहे हैं कि मैं नहीं होता तो वह 2 बार विधायक न होते। मैहर विधायक का दूसरी पार्टी में जाने की अतकलांब को लेकर सांसद ने कहा कि वह स्वतंत्र हैं, कही भी जा सकते है।

यूं तो सतना के सांसद गणेश सिंह और मैहर से विधायक नारायण त्रिपाठी के बीच दूरियां जग जाहिर है और त्रिपाठी गाहे बगाहे अपनी सरकार के खिलाफ बोलते ही रहते हैं लेकिन इस बार मामला ज्यादा तीखा हो गया है। यह विवाद मैहर में नए बनाये गए ट्रॉमा सेंटर के उदघाटन के मौके पर सड़क पर आ गया। इस संमारोह मे विधायक नारायण त्रिपाठी ने सांसद के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया। कहा मैहर किसी की जागीर नही, सांसद जी आदतों से बाज नही आये तो मैहर में घुसना बंद हो जाएगा। उन्होंने मैहर में प्रशासन द्वारा प्रोटोकॉल का पालन न किये जाने पर भी जताई नाराजगी। उन्होंने कहा गणेश सिंह ने चार बार की सांसदी में दिया क्या ?

दरअसल मैहर सिविल अस्पताल में आगमन-निर्गमन के लिए बनाए गए द्वार और ट्रामा सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद के हस्तक्षेप पर नारायण त्रिपाठी खुलकर सामने आ गए। उन्होंने कहाकि सांसद पहले बताए कि केंद्र की कौन सी योजना मैहर में लाये? मैहर के विकास के लिए चार बार की सांसदी के दौरान क्या दिए है। मैहर ही नही जिले में बताए केंद्र सरकार की क्या सौगात दिलाये बताए जिले की जनता को।

### सांसद की तुलना रावण से की

विधायक त्रिपाठी ने यह भी कहाकि राज्य सरकार की योजनाओं विधायको के कार्यो का भूमि पूजन लोकार्पण कर विकास पुरुष बनने का दिखावा करना उचित नही होता है । उन्हें समझ लेना चाहिए कि घमंड तो रावण का भी नही रहा था तो सांसद क्या चीज है। मैं हाथ न लगाता तो तीसरी बार ही गुम गए होते। सम्मान के खिलाफ प्रोटोकॉल के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नही करूंगा। राक्षसों के अंत के लिए ही नारायण का अवतार हुआ है। किसी को डरने की जरूरत नही हर स्तर पर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी।इस तरह बिगड़ा मामला विधायक नारायण अपने संबोधन में कहा कि अपनी विधायक निधि को मिलाकर तत्कालीन मंत्री नरोत्तम मिश्रा से यहां ट्रामा सेंटर स्वीकृत करवाया। मुख्यमंत्री से इसे स्वीकृति दिलवाई। बजट दिलवाया काम शुरू करवाया। पूरे काम की लगातार चिंता करता रहा। आज जब लोकार्पण की पूरी तैयारी हो गई तो सांसद अधिकारियों को फोन करके मना कर देते हैं कि इसका लोकार्पण मंत्री करेंगे। उन्हें यहां से जाने को कहा जाता है। इस आरोप के साथ ही सांसद पर तीखा हमला बोल दिया।

## भोपाल में हुंकार भरेगी करणी सेना

# मप्र विधानसभा चुनाव में राजपूतों को 100 सीटें देने की रखेंगे मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में साल 2023 के अंतिम महीने नवंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है, जहां चुनाव से पहले पक्ष और विपक्ष ने तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में अब करणी सेना ने भी मैदान संभाल लिया है। बता दें कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा करते हुए 27 अगस्त को राजधानी भोपाल में हुंकार भरने की बात कही है।

**राजपूतों को 100 टिकट देने की करेंगे मांग**- बता दें कि एक तरफ जहां कांग्रेस और बीजेपी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी कर रही है, दूसरी ओर आम आदमी पार्टी भी अब इन दोनों पार्टियों की मुश्किल बढ़ाने के लिए मैदान में आ गई है। ऐसे में अब करणी सेना राजधानी भोपाल से हुंकार भरेगी। दरअसल 27 अगस्त को करणी सेना राजधानी भोपाल में एकत्रित होगी। इस दौरान कांग्रेसी और बीजेपी से राजपूतों के लिए 100 टिकट देने की मांग रखेगी।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राज शेखावत ने कहा कि भोपाल में 27 अगस्त को क्षत्रिय समाज के लोग मैदान में उतरेंगे और बीजेपी और कांग्रेस से राजपूतों के लिए 100 सीट की मांग करेंगे। साथ ही करणी सेना के



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान राजनीतिक पार्टियों से उनके क्षेत्रों में विधानसभा टिकट दिलवाने की मांग करेंगे। साथ ही लव जिहाद को लेकर सख्त कानून के साथ-साथ क्षत्रिय कल्याण बोर्ड, सवर्ण आयोग और सनातन बोर्ड का गठन भी करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऑटोसिटी के दुरुपयोग को रोकने कानून बनाएंगे।

**टिकट नहीं देने पर दी ये चेतावनी**- इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड संभाग को अलग राज्य घोषित करने की मांग भी रखेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साफ कर दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में अगर राजनीतिक पार्टियां राजपूतों को टिकट नहीं देगी तो ऐसे में करणी सेना निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में खड़ा करेगी।